दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 160 | टोंक | बुधवार,05 फरवरी, 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष अष्टमी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹ 4.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर
24.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार
सेंसेंक्स | 78,583.81
+1,397.07 (1.81%)
निफ्टी | 23,739.25
+378.20 (1.62%)

**सर्राफा** सोना/चांदी
सोना | 85,485 /10g
चांदी | 98,500 /Kg

## संक्षिप्त समाचार

### सोने की कीमत ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

**स्टैंडर्ड सोने की कीमत पहुंची 85,200 के ऑल टाइम हाई पर, चांदी हुई 900 रु महंगी**



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी उठा-पटक और डॉलर की मजबूती का असर कीमती धातुओं पर नजर आने लगा है। मंगलवार को भारतीय बाजार में स्टैंडर्ड सोने की कीमत ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इसके बाद राजस्थान में 10 ग्राम सोने की कीमत 1100 रुपए बढ़कर 85,200 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। वहीं चांदी प्रति किलो की कीमत भी 900 रुपए बढ़कर 96 हजार रुपए को पार कर गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बनी स्थिरता की वजह से कीमती धातुओं की कीमत में और इजाफा होने की प्रबल संभावना है।

### गुजरात में भी यूसीसी लागू करने की तैयारी : सीएम ने मसौदा तैयार करने के लिए 5 सदस्यीय कमेटी बनाई, 45 दिन में रिपोर्ट मांगी

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी जल्द यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता लागू हो सकता है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मंगलवार को मसौदा तैयार करने के लिए 5 सदस्यीय कमेटी की घोषणा की। सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जस्टिस रंजना देसाई को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा कमेटी में 4 सदस्य होंगे। कमेटी 45 दिनों में राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, जिसके आधार पर यूसीसी लागू करने का फैसला लिया जाएगा। एक अधिकारी के मुताबिक, समिति रिपोर्ट तैयार करने के लिए मुस्लिम समुदाय और दूसरे धार्मिक नेताओं से भी मुलाकात करेगी। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा- यूसीसी लागू होने पर आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा होगी।

**बढ़ता TOON!**




**मंत्रिमण्डल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय**

# प्रदेश के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास के लिए 3 नई नीतियों का अनुमोदन

## उभरती युवा प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए नई युवा नीति का अनुमोदन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में मंत्रिमण्डल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास के लिए राजस्थान टैक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी, राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी एवं राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी लाने, युवाओं को सक्षम एवं सशक्त बनाकर विकसित राजस्थान के संकल्प की सिद्धि के लिए नई युवा नीति के अनुमोदन, विश्वविद्यालयों के वाइस-चांसलर्स को कुलगुरू की पदवी प्रदान करने के लिए राजस्थान यूनिवर्सिटीज लॉज (अमेण्डमेंट) बिल लाने, रीको औद्योगिक क्षेत्रों के विकास को गति देने के उद्देश्य से राजस्थान लैण्ड रेवेन्यू (अमेण्डमेंट वैलिडेशन) बिल लाने सहित कार्मिक कल्याण और सेवा नियमों में संशोधन से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले किए गए

### प्रदेश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए टैक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी-2025

मंत्रिमण्डल की बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल एवं पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल ने बताया कि राज्य सरकार वस्त्र व परिधान के क्षेत्र में प्रदेश को एक ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करना चाहती है। इसे ध्यान में रखते हुए आज कैबिनेट में मंजूर की गई राजस्थान टैक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी-2025 प्रदेश में टैक्सटाइल एण्ड अपैरल क्षेत्र के सतत् व समग्र विकास के साथ-साथ इस क्षेत्र में रोजगार सृजन, कौशल विकास, नवाचार, उत्पादकता और निर्यात को बढ़ावा देगी। वहीं दूसरी ओर इससे वैश्विक स्तर पर स्थानीय वस्त्र उत्पादकों की दक्षता और विश्वसनीयता में भी वृद्धि होगी इस नीति से प्रदेश के वस्त्र उत्पादक लाभान्वित होंगे और राज्य में लगभग 40 हजार करोड़ रुपए के संभावित निवेश से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे.

### डेटा सेंटर पॉलिसी-2025 से विकसित होगा विश्व स्तरीय डेटा सेंटर इकोसिस्टम

**पटेल ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी के बढ़ते प्रभाव को ध्यान में रखते हुए राजस्थान में निजी क्षेत्र में डेटा सेंटर्स की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी- 2025 को कैबिनेट द्वारा मंजूरी प्रदान की गई। इस पॉलिसी का उद्देश्य राज्य में एक विश्व स्तरीय डेटा सेंटर इकोसिस्टम विकसित करना है एवं राजस्थान को डेटा सेंटर क्षेत्र में प्रमुख गंतव्य बनाना है। यह नीति राज्य में स्थापित होने वाले डेटा सेंटर्स की गतिविधियों की दक्षता, सुरक्षा और विश्वसनीयता को प्रभावी बनायेगी।**

### विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करेगी राजस्थान युवा नीति- 2025

पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल ने बताया कि मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित राजस्थान युवा नीति-2025 के जरिये गुणवत्तायुक्त शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य, रोजगार, उद्यमिता और बुनियादी अधिकारों तक युवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी यह नीति युवा नीति-2013 का स्थान लेगी। नई युवा नीति सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करेगी इस नीति के माध्यम से कला, खेल, संस्कृति और साहित्य जैसे क्षेत्रों में उभरती हुई प्रतिभाओं को समर्थन भी दिया जाएगा

### राजस्थान कर बोर्ड का राजस्व मण्डल में विलय

पटेल ने बताया कि वर्ष 2017 से जीएसटी व्यवस्था लागू हो जाने बाद राजस्थान कर बोर्ड का कार्य सीमित हो गया था। इसे देखते हुए राजस्थान कर बोर्ड का राजस्थान राजस्व मण्डल में विलय करने का निर्णय किया गया है। इससे प्रदेश में राजस्व एवं कर संबंधी अपीलों के समयबद्ध निस्तारण के लिए संस्थागत ढांचे को मजबूती मिलेगी

### उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में वरिष्ठ अतिरिक्त आयुक्त का नवीन पद सृजित

पीएचईडी मंत्री ने बताया कि राजस्थान उद्योग सेवा (राज्य सेवा) संवर्ग में अन्य राज्य सेवाओं के अनुरूप चौथी पदोन्नति का अवसर उपलब्ध करवाने के लिए उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में वरिष्ठ अतिरिक्त आयुक्त का पद सृजित किया जाएगा इस पद को राजस्थान उद्योग सेवा नियम-1960 के परिशिष्ट में शामिल करवाने के लिए अधिसूचना जारी की जाएगी वर्तमान में इस संवर्ग में पदोन्नति के तीन अवसर ही उपलब्ध हैं।

### दि राजस्थान यूनिवर्सिटीज लॉज बिल-2025 के प्रारूप का अनुमोदन

पटेल ने बताया कि वर्ष 2024-25 के बजट में प्रदेश के राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को कुलगुरु की पदवी प्रदान किये जाने की घोषणा की गई थी। इस बजट घोषणा की अनुपालना में उच्च शिक्षा विभाग एवं प्रदेश के विभिन्न विभागों के अधीन संचालित सभी 33 राजकीय विश्वविद्यालयों के अधिनियमों में संशोधन विधेयक के माध्यम से संशोधन कर कुलपति पदनाम को कुलगुरु और प्रतिकुलपति पदनाम को भी प्रति कुलगुरु के रूप में प्रतिस्थापित किए जाने का मंत्रिमण्डल द्वारा निर्णय लिया गया है। अधिनियमों के अंग्रेजी पाठ में प्रयुक्त पदनाम वाइस-चांसलर तथा प्रो वाइस-चांसलर को यथावत रखा जाएगा। इस दिशा में दि राजस्थान यूनिवर्सिटीज लॉज बिल-2024 के प्रारूप का मंत्रिमण्डल द्वारा अनुमोदन किया गया। अब इसे विधानसभा में पुर:स्थापित करने के लिए भिजवाया जाएगा

**संसद में मोदी का 1 घंटे 35 मिनट का भाषण**

# ये हमारा तीसरा टर्म, कई वर्षों तक ऐसे ही काम करते रहेंगे : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोल रहे हैं। उन्होंने गांधी परिवार का नाम लिए बिना कहा- कुछ लोग जाति जनगणना की बात कर रहे हैं। कोई बताए इस देश में कभी किसी सुप्रीम कोर्ट या एसटी परिवार के तीन सांसद एक समय में हुए हैं। गांधी परिवार से इस समय तीन सांसद हैं। राहुल और प्रियंका लोकसभा में और सोनिया गांधी राज्यसभा में सांसद हैं। पीएम ने राहुल का नाम लिए बिना कहा- गरीबों की झोपड़ी में फोटो सेशन कराने वालों को गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी। राहुल गांधी ने सोमवार को कहा था- राष्ट्रपति का भाषण बोरिंग था। मोदी ने केजरीवाल का नाम लिए बिना कहा- हमने भ्रष्टाचार पर रोक लगाकर देश के बनाया, इस पैसे से शीश महल नहीं बनवाया।




### देश में करीब एक करोड़ गिग वर्कर्स

12 हजार इलेक्ट्रिक बसों ने देश में दौड़ाना शुरू कर दिया है। दिल्ली को भी ये सेवा दी गई है। बड़े शहरों में गिग इकोनॉमी बन रही है। लाखों युवा इसमें जुड़ रहे हैं। ई-श्रम पर ऐसे गिग वर्कर्स की रजिस्ट्री करवाएं, उनको आईडी कार्ड मिलेगा और उन्हें आयुष्मान का लाभ दिया जाएगा। अनुमान है कि देश में करीब एक करोड़ गिग वर्कर्स हैं।

### देश से बड़ा कुछ नहीं हो सकता

हमें और बढ़े लक्ष्य पार करके रहेंगे। ये तो अभी हमारी तीसरी ही टर्म है। हम देश की आवश्यकता के अनुसार आधुनिक भारत बनाने के लिए आने वाले अनेक वर्षों तक जुटे रहने वाले लोग हैं। मैं सभी दलों से आग्रह करता हूं कि अपनी अपनी राजनीतिक विचारधाराएं होंगी, लेकिन देश से बड़ा कुछ नहीं हो सकता है। मिलकर विकसित भारत के सपने को पूरा करेंगे। देश विकसित होगा, हमारे बाद की जो पीढ़ियां होंगी। कहेंगी कि 2025 में एक संसद थी, जिसका हर सांसद देश को विकसित बनाने के लिए काम कर रहा है।

### विकसित भारत 140 करोड़ देशवासियों का सपना

विकसित भारत का सपना सरकारी सपना नहीं, 140 करोड़ देशवासियों का सपना है। दुनिया में उदाहरण हैं। 20-25 साल के कालखंड में दुनिया के कई देश विकसित हुए। हमारे पास डेमोग्राफी है, डेमोक्रेसी है, डिमांड है तो हम क्यों नहीं बन सकते।

### हम इलेक्ट्रिकल सामान एक्सपोर्ट कर रहे

2014 से पहले खिलौने जैसी चीजें इम्पोर्ट करते थे। आज छोटे उद्योग दुनिया में एक्सपोर्ट कर रहे हैं और खिलौने के आयात में कमी आई। खिलौनों के एक्सपोर्ट में 239 फीसदी की बढ़ोतरी आई है। इलेक्ट्रिकल सामान एक्सपोर्ट कर रहे हैं।

### छोटे उद्योग आत्मनिर्भर भारत के प्रतीक

एमएसएमई बहुत बड़ी संख्या में रोजगार लाता है। ये छोटे उद्योग आत्मनिर्भर भारत के प्रतीक हैं। हमारा एमएसएमई सेक्टर योगदान दे रहा है। इन्हें सरलता, सहूलियत और संपर्क दे रहे हैं। मिशन मैन्युफैक्रिरिंग शुरू किया है। इसमें सुधार के लिए 2006 में इसके लिए एक क्राइटेरिया बना था। हमने 10 साल में इसे अपडेट करा। हर तरफ उन्हें आर्थिक सहायता दी जा रही है। कोविड के समय एमएसएमई को विशेष बल दिया गया।



## अखिलेश ने संसद में पूछा- महाकुंभ की लाशें कहां फेंकी

**योगी ने कहा- खड़गे और सपा अध्यक्ष की गिद्ध जैसी दृष्टि, पहले दिन से दुष्प्रचार कर रहे**

महाकुंभ भगदड़ पर अखिलेश यादव ने मंगलवार को संसद में कहा, प्रयागराज में लाशें पड़ी रहीं और फूल बरसाए जा रहे थे, ये शर्मनाक बात है। जेसीबी से लाशें हटाई गईं। सरकार बताए लाशें कहां फेंकी गई हैं। कुंभ हादसे के लिए जिम्मेदार पर कार्रवाई होनी चाहिए। महाकुंभ में डबल इंजन सरकार फेल हो गई। महाकुंभ में व्यवस्थाएं सेना के हवाले कर देनी चाहिए। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में कहा कि 29 जनवरी को महाकुंभ में हुई भगदड़ में हजारों लोग मारे गए थे। सरकार को बताना चाहिए कि सच्चाई क्या है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उन्हें बयान वापस लेने को कहा था। सीएम योगी ने खड़गे और अखिलेश को जवाब दिया है। कहा, एक ओर पूरा देश दुनिया सनातन धर्म के सबसे बड़े आयोजन का साक्षी बनकर गौरवांवित हो रहा है, वहीं दूसरी ओर सनातन धर्म के खिलाफ सुपारी लेकर लगातार झूठ असत्य के प्रतिमान भी गढ़े जा रहे हैं। देश की संसद में कांग्रेस अध्यक्ष और सपा अध्यक्ष का बयान न केवल सनातन धर्म पर प्रहार है, बल्कि निंदनीय भी है और शर्मनाक भी है।

# दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर वोटिंग आज

## 19% प्रत्याशी दागी, 5 की संपत्ति 100 करोड़ पार; इंडिया ब्लॉक की 5 पार्टियां आमने-सामने

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए 5 फरवरी को सिंगल फेज में वोटिंग होगी। लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक का हिस्सा रहीं 5 पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं। इनमें आम आदमी पार्टी और कांग्रेस सभी 70 सीटों पर आमने-सामने हैं।

वहीं, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ने 6, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया- मार्कसिस्ट और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया- मार्कसिस्ट लेनेनिस्ट ने 2-2 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। भाजपा ने 68 सीटों पर कैंडिडेट उतारे हैं। दो सीटें सहयोगी पार्टियों को दी हैं। इसमें जनता दल- यूनाइटेड ने बुराड़ी और लोक जनशक्ति पार्टी- रामविलास ने देवली सीट से प्रत्याशी उतारे हैं।

महाराष्ट्र में भाजपा की सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी 30 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने सभी सीटों पर भाजपा को समर्थन दिया है। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी 70



और असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तिहादुल मुस्लिमीन 12 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। 19% उम्मीदवार दागी, 81 पर हत्या-बलात्कार जैसे गंभीर मामले दर्ज चुनाव आयोग के मुताबिक निर्दलीय समेत विभिन्न पार्टियों के कुल 699 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने इन सभी उम्मीदवारों के हलफनामों की जांच करके एक रिपोर्ट तैयार की है। इसके मुताबिक करीब 19 फीसदी यानी 132 उम्मीदवार आपराधिक छवि के हैं। इनमें से 81 पर हत्या, किडनैपिंग, बलात्कार जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। 13 उम्मीदवार महिलाओं के खिलाफ अपराधों में आरोपी हैं।

## ईसी बोला-चुनाव से पहले हम पर दबाव बनाया जा रहा

### आप ने आरोप लगाया था- आयोग गुंडागर्दी को बढ़ावा दे रहा, भाजपा को सपोर्ट कर रहा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को राजनीतिक पार्टियों के बार-बार दबाव बनाने और आरोपों पर अपनी बात रखी। ईसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्वीटर पर पोस्ट कर कहा, 3 सदस्यीय आयोग ने महसूस किया है कि दिल्ली चुनावों में आयोग को बदनाम करने के लिए बार-बार जानबूझकर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। आयोग ने कहा, रणनीति इस प्रकार है कि मानो ईसी एक एकल सदस्यीय निकाय है। आयोग ने संवैधानिक तरीके से आरोपों




का बुद्धिमत्ता के साथ धैर्यपूर्वक सामना किया और इससे प्रभावित नहीं हुआ है। हालांकि अपने इस बयान में आयोग ने किसी भी पार्टी का नाम नहीं लिया है। आयोग ने कहा कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव साफ-सुथरे होंगे।

इसके लिए 1.5 लाख कर्मी तैनात किए गए हैं।

## सम्पादकीय

# जारी रहे सुधारों का सिलसिला बजट से जगी नई उम्मीदें

यह पिछली सदी के अंतिम दौर की बात है जब जर्मनी को 'सिक मैन आफ यूरोप' कहा जाने लगा था। जर्मनी जैसा देश ऐसे ही यूरोप की कमजोर कड़ी नहीं बन गया था। अर्थव्यवस्था में ठहराव, ऊंची बेरोजगारी और अड़ियल श्रम कानूनों ने वृद्धि की राह रोक दी थी। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए तत्कालीन चांसलर गेरहार्ड श्रोएडर ने हार्ट्ज सुधारों का सूत्रपात किया। इनके जरिये जिन श्रम सुधारों और कल्याणकारी योजनाओं के स्वरूप को सुधारा गया, उन्होंने जर्मन अर्थव्यवस्था का कायाकल्प कर दिया। जैसा कि प्रत्येक सुधारों के साथ होता है, आरंभ में उनका भी विरोध हुआ। हालांकि इन सुधारों ने जर्मन श्रम बाजार की क्षमताओं को बेहतर बनाया। रोजगार के अवसर बढ़ाए और जर्मनी को यूरोप की आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। इस प्रसंग का यही सार है कि जब साहसिक सुधारों को सही तरह से लागू किया जाता है तो उसके दूरगामी एवं दीर्घकालिक आर्थिक लाभ मिलते हैं। केंद्र सरकार के बजट में भी कमोबेश यही दृष्टिकोण अपनाया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को जो बजट प्रस्तुत किया, वह क्षमताओं और प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के साथ ही राजकोषीय अनुशासन के प्रति समर्पित है। बजट में कराधान, ऊर्जा क्षेत्र, शहरी विकास, खनन, वित्तीय क्षेत्र और नियामकीय ढांचे से जुड़े जिन सुधारों को आगे बढ़ाने की बात कही गई है, उनसे नई उम्मीदें जगती हैं। इन सुधारों का लक्ष्य आर्थिक वृद्धि की राह में अवरोधों को दूर कर क्षमताओं को बढ़ाना है। इससे निवेश आकर्षित होगा। शासन संचालन का ढांचा सुसंगत बनेगा। परिणास्वरूप तेज आर्थिक वृद्धि के अनुकूल परिस्थितियां आकार लेंगी। टैक्सेशन यानी कराधान इन सुधारों के केंद्र में है। पिछले कुछ वर्षों से कर अनुपालन के मोर्चे पर आई व्यापक सहजता को नए क्षितिज पर ले जाने के लिए सरकार तत्पर दिखती है। इसी कड़ी में जल्द ही न्यू टैक्स बिल पेश किए जाने की तैयारी है। दशकों से ऐसे सुधार की प्रतीक्षा रही है। इसका उद्देश्य करों से जुड़े विवादों को घटाना है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड फिलहाल कर विवाद से जुड़े 60,000 मामलों में उलझा हुआ है। ऐसे में कर अनुपालन व्यवस्था को और सुगम बनाना कई स्तरों पर लाभदायक होगा। इससे करदाता और प्राधिकारी संस्थाओं दोनों के लिए आसानी होगी। अप्रत्यक्ष करों में जीएसटी के स्तर पर भी विविधीकृत दरें उसे उलझाऊ बनाती हैं, लेकिन उसे सुलझाने के लिए जीएसटी परिषद में राज्यों को भी साधना होगा। कर ढांचे को सुसंगत बनाने से न केवल नागरिकों एवं उद्यमों का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि आर्थिक वृद्धि को भी तेजी के पंख लगेंगे। बीमा उद्योग में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआइ की सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का प्रविधान है, लेकिन यह केवल उन्हीं कंपनियों के लिए अनुमन्य होगा जो एकत्रित प्रीमियम की पूरी राशि को भारत में ही पुनः निवेश करेंगी। इससे बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश बढ़ाने के साथ ही बीमा की पैठ भी गहरी होगी। हालांकि इसकी सफलता इसी बात पर निर्भर होगी कि इस पहल को किस प्रकार अमल में लाया जाता है। इसी तरह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा ग्रामीण क्रेडिट स्कोर फ्रेमवर्क से स्वयं सहायता समूहों के लिए वित्तीय समावेशन का दायरा बढ़ेगा। वित्तीय संसाधनों तक इन समूहों की पहुंच बढ़ेगी। सरकार की मंशा है कि निजी क्षेत्र अर्थव्यवस्था की गाड़ी को आगे बढ़ाने की कमान संभाले तो उसकी राह में संभावित बाधाओं को दूर करने के प्रयत्नों की प्रतिबद्धता भी दिखाई है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें। वाहन सुख मिलेगा।

### वृष
विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा। सरकारी कामों में आर्थिक लाभ आपको मिल सकता है। संतान के लिए पूंजी निवेश करेंगे। नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा।

### मिथुन
सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। पेट दर्द से परेशानी हो सकती है। आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है।

### कर्क
आपका आज का दिन शुभफलदायी है। कई क्षेत्रों से आपको लाभ होगा। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी। परिजनों से मुलाकात आनंददायी हो सकती है। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा।

### सिंह
मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं करेंगे। निराशा और असंतोष की भावना से काम में मन नहीं लगेगा। कुंटुंबजनों के साथ किसी विषय पर वाद-विवाद हो सकता है। विद्यार्थियों को अभ्यास का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेगा।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए अच्छा होगा। व्यापार स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। उच्च अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप का हर काम आज सफलता से पूरा होगा। नौकरी में पदोन्नति भी हो सकती है। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मन में चिंता रह सकती है।

### तुला
अधिकारियों से काम का उचित फल भी मिल सकता है। भाई-बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा। विचार लगातार परिवर्तन होते रहेंगे। आर्थिक विषय में सावधानी बरतनी आवश्यक है। नेगेटिव विचारों से मन परेशान रह सकता है।

### वृश्चिक
आज इगो के कारण किसी से बातचीत में मनमुटाव हो सकता है। मित्रों के साथ किसी बात विवाद हो सकता है। स्वभाव में आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी। धार्मिक कामों में धन का खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### धनु
आज आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव करेंगे। व्यापार में बाधाएं उपस्थित होंगी। गलत कामों से दूरी बनाए रखें। किसी भी योजना को सावधानीपूर्वक करें।

### मकर
आप में आज आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा रहेगा। किसी भी काम को करने के लिए आप जल्दबाज़ी में निर्णय ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। वाणी में उग्रता ना रखें।

### कुंभ
आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम की तुलना में कम फल की प्राप्ति होगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

### मीन
रोमांस के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र मिलने का अवसर मिल सकता है। भागीदारी से लाभ होगा।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 5 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- फ्रांस के साथ शांति समझौते पर जर्मन शासक लियोपोल्ड प्रथम ने 1679 में हस्ताक्षर किये।
- इटली के कालाब्रिया में 1783 में हुए भीषण भूकंप में लगभग 25000 से ज्यादा लोगों की जाने गयी।
- फिलाडेल्फिया के थियेटर में 1870 में पहली बार चलचित्र दिखाया गया।
- ब्रिटेन और अमेरिका के बिच सन 1900 में पनामा नहर समझौते पर हस्ताक्षर।
- क्यूबा देश अमेरिका के कब्जे से 1904 में मुक्त हुआ।
- मैक्सिको ने 1917 में नया संविधान अंगीकृत किया।
- उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के पास चौरी चौरा कस्बे में भड़की हुयी भीड़ ने 1922 में पुलिस थाने में आग लगा दी जिसमें 22 पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी।
- ब्रिटिश समाचार पत्र संडे टेलीग्राफ के पहले संस्करण का प्रकाशन 1961 में हुआ।
- अमेरिका ने 1970 नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- अपोलो 14 मिशन के अंतरिक्षयात्री चंद्रमा पर 5 फरवरी, 1971 को उतरे।
- भारतीय क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकर ने अपना आखिरी टेस्ट खेलकर 5 फरवरी, 1992 में क्रिकेट से संयास ले लिया।
- 1996 में पहली बार जीएम टमाटरों से बनी प्यूरी इंग्लैंड के बाजारों में बिकनी शुरू हुई।
- दक्षिणी अफ्रीका के राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला ने 5 फरवरी, 1999 को संसद में राष्ट्र को संबोधित करते हुए अपना आखिरी भाषण दिया और उसी साल मई में उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- परमाणु प्रौद्योगिकी के गलत इस्तेमाल के मामले में परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर खान को पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने 2004 में माफी दी।
- भारत की सुनीता विलियम्स 2007 में अंतरिक्ष में सबसे अधिक समय बिताने वाली महिला बनीं।
- विवादों में रहने वाले पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर खान को 5 फरवरी, 2008 के दिन सरकार ने अपने करीबी मित्रों से मिलने की अनुमति दी।
- भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने 2010 में नीदरलैंड इंटरनेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में 600 में से 596 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीत लिया।
- 5 फरवरी 2016 को वित्त मंत्रालय ने यू-टयूब चैनल लॉन्च किया।

### 5 फरवरी को जन्मे व्यक्ति

- सिखों के सातवें गुरु हर राय का सन 1630 में पंजाब के कीरतपुर में जन्म हुआ।
- मुग़ल बादशाह औरंगजेब की पुत्री जेबुन्निसा का 1639 में जन्म हुआ।
- प्रसिद्ध कवि जानकी वल्लभ शास्त्री का 1916 में जन्म हुआ।
- राजनीतिज्ञ खुर्शीद आलम खान का 5 फरवरी, 1919 को जन्म हुआ।

## विशेष आलेख

# लिव-इन रिलेशनशिप : राजस्थान हाईकोर्ट क्यों रजिस्टर करना चाहता है?



– रामस्वरूप रावतसरे

**राजस्थान हाई कोर्ट के अनुसार, ''सुप्रीम कोर्ट के कई फ़ैसलों में भारत में लिव-इन रिलेशनशिप की क़ानूनी स्थिति को निर्धारित किया गया है। हालांकि लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर कोई अलग क़ानून नहीं बनाया गया है जो इसे पूरी तरह से मान्यता देता हो। भले ही समाज में लिव-इन रिलेशनशिप को अपवित्र माना जाता हो और इसे अपनाया नहीं जाता हो, लेकिन क़ानून की नज़र में यह अवैध नहीं है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि साथ रहना जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हिस्सा है, इसलिए इसे अवैध और किसी भी क़ानून के खिलाफ़ नहीं माना जा सकता।''**


राजस्थान हाइ कोर्ट ने राज्य सरकार को लिव-इन रिलेशनशिप को रजिस्टर करने के लिए एक पोर्टल शुरू करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने ये फ़ैसला कई लिव-इन जोड़े की तरफ़से दायर की गई याचिकाओं के बाद सुनाया है। इन याचिकाओं में लिव-इन जोड़ों ने सुरक्षा की मांग की थी। राजस्थान हाई कोर्ट की एकल पीठ ने इस फ़ैसले में कहा कि कई जोड़े लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं, लेकिन उनके परिवार और समाज इसे स्वीकार नहीं कर रहे, इससे उन्हें ख़तरा महसूस हो रहा है। इसी वजह से वे अदालत में याचिका दायर कर अपने जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

इस मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने कहा, ''जब तक केंद्र और राज्य सरकार इसे लेकर कोई क़ानून नहीं बनाती, तब तक एक क़ानूनी रूपरेखा तैयार करना ज़रूरी है। इसके लिए एक आधिकारिक फ़ॉर्म बनाया जाए, जिसे उन जोड़ों को भरना होगा जो लिव-इन रिलेशनशिप में रहना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि लिव-इन जोड़ों को उस फ़ॉर्म में अपने बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और परवरिश की ज़िम्मेदारी भी तय करनी होगी। अगर महिला साथी काम नहीं करती है, तो पुरुष साथी को उसका और बच्चों का भरण-पोषण करना होगा। उन्होंने आगे कहा, ''ऐसे रिश्तों से जन्मे बच्चों को समस्या का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए उनकी देखभाल पर ध्यान देना ज़रूरी है। इन बच्चों का पालन-पोषण उनके माता-पिता, खासकर पिता को करना चाहिए, क्योंकि ऐसे रिश्तों में महिलाएं भी अक्सर परेशानी में होती हैं। इस बारे में कोर्ट आदेश दे सकती है लेकिन यह भी ज़रूरी है कि पुरुष साथी अपनी नैतिक ज़िम्मेदारी निभाए और बच्चों की देखभाल करे।'' जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने लिव-इन रिलेशनशिप में महिलाओं की स्थिति पर भी बात की।

उन्होंने कहा, ''लिव-इन रिलेशनशिप का विचार अनोखा और आकर्षक लग सकता है, लेकिन वास्तव में इससे जुड़ी कई समस्याएं और चुनौतियां सामने आ सकती हैं। इस रिश्ते में महिला की स्थिति पत्नी जैसी नहीं होती और इस रिश्ते से महिला को समाज में ना तो स्वीकृति मिलती और ना ही मान्यता।'' इसी प्रकार इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हाल ही में लिव-इन रिलेशनशिप के एक मामले में टिप्पणी करते हुए कहा है कि शादी का संस्थान जो सुरक्षा, सामाजिक स्वीकार्यता, प्रगति और स्थायित्व एक व्यक्ति को प्रदान कर सकता है वो लिव-इन रिलेशनशिप कभी नहीं दे सकता। भारतीय समाज में लिव-इन रिलेशनशिप यानी शादी किए बग़ैर एक लड़का और लड़की के एक साथ रहने पर सवाल उठते रहे हैं। जहां इसके पक्षधर इसे संविधान में दिए गए मूलभूत अधिकारों और निजता से जोड़ते हैं वहीं ऐसे संबंधों का विरोध करने वाले सामाजिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति से जोड़ते हुए इसे बुरा बताते हैं। वहीं समाज ऐसे रिश्तों में रहने वाली महिलाओं को एक अलग नज़रिए से देखता है जहां उसे समाज के चश्मे और नैतिकता के आधार पर परखा जाता है। हालांकि लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर संसद ने कोई क़ानून नहीं बनाया है लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अपने फ़ैसलों के ज़रिए ऐसे रिश्तों के क़ानूनी दर्जे को साफ़ किया है। एक मामले की सुनवाई करते हुए इलाहबाद हाई कोर्ट जस्टिस सिद्धार्थ ने कहा था कि इस देश में शादी के संस्थान को बर्बाद करने के लिए एक ''सिस्टमेटिक डिज़ाइन'' है। समाज को अस्थिर करना और देश की प्रगति में रुकावट लाना जो फ़िल्म और टीवी सीरियल दिखाए जा रहे हैं वो शादी जैसे संस्थान को ख़त्म करने में लगे हैं। कोर्ट का कहना था कि शादीशुदा संबंध में पार्टनर के साथ बेवफ़ाई और फ्री लिव-इन रिलेशनशिप को प्रगतिशील समाज के तौर पर दिखाया जाता है और नौजवान इसके प्रति आकर्षित हो जाते हैं। कोर्ट का कहना था, ''लिव-इन रिलेशनशिप को तभी सामान्य माना जाएगा जब शादी का संस्थान इस देश में बेकार बन जाएगा जैसे कई तथाकथित विकसित देशों में शादी के संस्थान को बचाना एक बड़ी समस्या बन गया है।''

कोर्ट का कहना था कि अगर व्यक्ति का परिवार में सौहार्दपूर्ण संबंध नहीं है तो वो देश की प्रगति में सहयोग नहीं दे सकता। साथ ही कोर्ट ने कहा कि एक देश की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता उस देश के मध्य वर्ग और उसकी नैतिकता पर निर्भर करती है। कोर्ट के अनुसार ऊपरी तौर पर देखे तो लिव-इन रिलेशनशिप सुनने में तो बहुत आकर्षक लगता है और यह युवाओं को अपनी ओर खींचता है लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता है और मध्यम वर्गीय सामाजिक नैतिकता/नियम का वो सामना करने लगते हैं। ऐसे जोड़े बाद में महसूस करने लगते हैं कि उनके रिश्ते को मिलने वाली सामाजिक स्वीकृति के अभाव में वे सामान्य सामाजिक जिंदगी नहीं जी सकते हैं। ब्रेकअप के बाद महिला के लिए समाज का सामना करना मुश्किल हो जाता है। मध्य वर्गीय समाज इस महिला को रिश्ते से अलग हुई महिला के तौर पर नहीं देखता है। जज सिद्धार्थ का कहना था, ''सामाजिक बहिष्कार से लेकर अभद्र टिप्पणियां लिव-इन रिलेशनशिप के बाद महिला की ज़िंदगी का हिस्सा बन जाते हैं। फिर वो जैसे-तैसे इस लिव-इन रिलेशनशिप को शादी के संबंध में बदलने की कोशिश करती है, जिससे कि उसे सामाजिक मंज़ूरी मिल सके।

# कैसे रुकें सिवरेज की सफाई में होने वाली मौत?




–

**जुलाई 2022 में लोकसभा में प्रस्तुत सरकारी आंकड़ों के अनुसार पांच साल में सीवर सफाई के दौरान 347 लोगों की मौत हुई। पांच सालों में भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 347 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 40 प्रतिशत मौतें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली में हुईं।सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, 1993 के बाद से सीवर और सेप्टिक टैंक से होने वाली मौतों के 1,248 मामलों में से इस साल मार्च तक 1,116 मामलों में मुआवजे का भुगतान किया गया है. हालांकि, 81 मामलों में मुआवजे का भुगतान अभी भी लंबित है।**

कोलकता शहर में सिवरेज की सफाई के दौरान तीन श्रमिकों की मौत हो गई।घटना कोतकता लेदर कंप्लेक्स में सीवरेज लाइन के साफ के दौरान हुई। सुपरिम कोर्ट काफी पहले कह चुका है कि मरने वालों के परिवार को तीस - तीस लाख रूपया मुआवजा दिया जाए, किंतु ऐसा नही हो रहा। प्रदेश सरकार ने बीस - बीस लाख रूपये मुआवजा देकर ही मामला निपटा दिया। यह घटना सर्वोच्च न्यायालय के उस आदेश के चार दिन बाद हुई है, जिस आदेश में सुपरिम कार्ट ने कहा कि कि दिल्ली ,मुंबई, कलकत्ता, चिननई,बंगलूरू और हैदराबाद जैसे मैट्रोपालिटिन शहरों में मैनुअल सफाई और सीवर सफाई पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया था। दरअस्ल न्यायालय आदेश करता है किंतु उन आदेश के पालन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को या तो ये आदेश पंहुच नही पाता। आदेश पंहुच पाता है तो फाइलों के दबाव में वे उसे पढ़ नही पाते।इसीलिए बार - बार आदेशों के पालन में अनदेखी होती है। इन आदेशों को संबधित अधिकारियों तक पंहुचाने की प्रदेश स्तर पर त्वरित और प्रभावी व्यवस्था होनी चाहिए।

आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि राज्यों द्वारा 51 मामले बंद कर दिए गए हैं क्योंकि मृत व्यक्तियों के कानूनी उत्तराधिकारी नहीं मिल सके। 1993 के बाद के आंकडा से पता चलता है कि कि सीवर और सेप्टिक टैंक में होने वाली मौतों के सबसे अधिक 256 मामले तमिलनाडु में सामने आए. इसके बाद गुजरात (204), उत्तर प्रदेश (131), हरियाणा (115) और दिल्ली (112) का नंबर आता है. सीवर से होने वाली मौतों के सबसे कम मामले छत्तीसगढ़ (1) में दर्ज किए गए हैं, इसके बाद त्रिपुरा और ओडिशा में 2-2 मामले, दादर और नगर हवेली (3) और झारखंड (4) आते हैं।अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक के 58 मामलों में से सबसे ज्यादा मामले तमिलनाडु (11) से हैं, इसके बाद महाराष्ट्र और राजस्थान (11-11 मामले), और गुजरात (8) तथा पंजाब (6) का नंबर आता है.आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि 1993 के बाद से हुई 1,247 मौतों में से 456 मामले 2018 के बाद दर्ज किए गए हैं। नौ अक्तूबर 2024 को दिल्ली के सरोजिनी नगर इलाके में एक कंस्ट्रक्शन साइट पर तीन मजदूरों की मौत का मामला सामने आया है। ये मजदूर सीवर लाइन साफ करने के लिए सीवर के अंदर उतरे थे। सीवर लाइन से निकल रही जहरीली गैस की वजह से तीनों मजदूरों का दम घुट गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीवर में उतरे मजदूरों के लिए सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे। 23 अक्तूबर 2024 को राजस्थान के सीकर जिले में सफाई के दौरान तीन कर्मचारियों की मौत हो गई। ये मौत लगातार होती रहती है। रूक नही पातीं । देश में सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौत की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने 20 अक्टूबर 2023 को कहा था कि सरकारी अधिकारियों को मरने वालों के परिजन को 30 लाख रुपए मुआवजा देना होगा।सीवर की सफाई के दौरान कोई

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान



डॉ.अजय सक्सेना
एमडी ( मनोरोग )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं वरिष्ठ मनोरोग चिकित्सक डॉ.अजय सक्सेना। बेहद सुलझे हुए इंसान हैं इसी के साथ सामाजिक चिंतन व मंथन के माध्यम से समाज की बुराईयों का खात्मा कैसे हो इसके लिए समय समय पर अपने विचार सांझाा करते हैं। मार्च 1956 को जयपुर में डॉ. जी.एस.सक्सेना (प्रोफेसर) के घर में डॉ. अजय सक्सेना ने जन्म लिया अचरज की बात है कि इन्होंने जोबनेर से राजकीय स्कूल से प्राथमिक शिक्षा पूर्ण करने के बाद सन 1973 में उच्चतम स्तर की पढ़ाई करने के बाद मेडिकल कॉलेज एसएमएस से एमबीबीएस में दाखिला लिया इसके बाद गवर्नमेंट जॉब कोटा में लगे सन 1984 में एमडी साइकैटरिस्ट (मनोरोग) एसएमएस मेडिकल कॉलेज से किया जो सन 1987 में पूरा हुआ। जयपुर मनोरोग चिकित्सा विभाग के विभाग अध्यक्ष रहे और सन 1987 में अलवर आए और मनोरोग विभाग का शुभारंभ इन्हीं के द्वारा किया गया। 90 में भीलवाड़ा चले गए अलवर वहां भी मनोरोग यूनिट इन्हीं के द्वारा शुरू की गई। यूपीएससी द्वारा सन 1990 में दिल्ली में गए जहां मानवीय व्यवहार इंस्टिट्यूशन में यूनिट हेड की पोस्ट पर रहे। 1995 में वीआरएस लेकर वापस अलवर आ गए और तभी से यहां लोगों को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बहुत बेहतरीन इंसान है लोगों को मानसिक रूप से लाभ पहुंचाने का हर संभव प्रयास करते हैं। शख्सियत कॉलम के माध्यम से उन्होंने लोगों को आग्रह व आह्वान किया कि वह असंतुष्टि और प्रतिस्पर्धा के अंतर को समझें। प्रतिस्पर्धा का महत्व सामाजिक स्तर पर बहुत अच्छा है एक प्रतिस्पर्धा के माध्यम से हम विकास और अपनी गति को तेज कर सकते हैं लेकिन असंतुष्टि आदमी को मनोरोग की तरफ ले जाती है इसलिए आदमी हर हाल में हर स्थिति में अपने आप को संतुष्ट रखें यही तनाव मुक्त जीवन शैली का सबसे बड़ा सूत्र है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

## 2025_035 a बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 8 | | | | 3 |
| | 3 | | 4 | | | | 5 | 8 |
| 1 | | 8 | 5 | 9 | | | 6 | |
| 5 | | 1 | 7 | | | 8 | 3 | 6 |
| | | 7 | | 1 | | 2 | 4 | |
| | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | |
| | 1 | | | | | | 2 | 5 |
| | 6 | | | | 4 | | 9 | |
| | | | 6 | | | | 8 | |

### Ans_2025_034

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 9 | 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 8 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 7 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 4 | 9 | 3 | 8 | 2 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

# नगर परिषद ने काटी कॉलोनी नीलाम प्लॉट पर हो गए कब्जे

## अतिक्रमियों पर मेहरबान, वेयर हाउस कॉलोनी में करोड़ों की जमीन पर कब्जे



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला मुख्यालय पर नगर विकास न्यास लगातार अतिक्रमियों पर कार्रवाई कर सरकारी भूमि से कब्जों को हटाने में लगा है। वहीं नगर परिषद के अधिकारियों पर अतिक्रमण के मामलों को लेकर जूं तक नहीं रेगी हैं। शहर में नगर परिषद की ओर से प्लान की गई वेयर हाउस कॉलोनी में नीलामी के भूखंड़ों पर सरकारी कब्जे हो रहे हैं। इसके साथ ही कॉलोनी के 30 फीट रास्ते पर अतिक्रमण तक हो गया है। जबकि यहां अभी भी काफी खाली भूखंड बचे हुए हैं, जिन्हें नीलाम कर नगर परिषद राजस्व अर्जित कर सकता है, लेकिन विभागीय अफसरों की उदासीनता से राजस्व की उमीदों को निराशा हाथ लग रही है। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद की ओर से वेयर हाउस कॉलोनी नगर पालिका के समय काटी गई थी। इस दौरान इसमें करीब 111 भूखंड तथा 28 दुकानें थी। इनमें से कुछ भूखंड नीलाम किए गए। लेकिन नीलाम भूखंडों पर अतिक्रमी काबिज हो गए। वर्तमान में भी योजना में कई खाली भूखंड़ हैं, जहां पर अतिक्रमियों की नजर है। लेकिन नगर परिषद की ओर से अतिक्रमियों को हटाने की बजाय दी जा रही शह के चलते न तो कोई कार्रवाई हो रही है। न ही शेष भूखंडों की नीलामी की जा रही। जो कि नगर परिषद के राजस्व के लिए संजीवनी साबित हो सकती है।

### शिकायत पर भी नहीं हुई कार्रवाई

नगर परिषद की ओर से दिसबर 2014 में अकबरअली पुत्र नजीरा को भूखंड संया बी-91 की नीलामी की गई। इस दौरान दो लाख से अधिक की राशि भी जमा की गई, लेकिन इनको कब्जा देने से पूर्व ही योजना में अतिक्रमियों ने कब्जा कर लिया। इसे लेकर शिकायत भी की, लेकिन नगर परिषद ने कार्रवाई तक नहीं की। बल्कि बाद में भूखंड की फर्जी रसीद तक काट दी।

### अतिक्रमण से रास्ता बाधित, पार्क भी बदहाल

योजना में अतिक्रमण के चलते 30 फीट का रास्ता भी बाधित है। इससे यहां अब तक बसे लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं योजना में जो पार्क बताया गया था। वहां भी कुछ बस्तियों के लोग डेरा डाले हुए हैं। ऐसे में अतिक्रमण के चलते यहां पार्क भी बदहाल है।

**इनका कहना है...:** राजस्व बढ़ाने के लिए जल्द ही ऑक्शन की तैयारी कर रहे हैं। इस मामले में मैं जेइएन और एसआइ को भेजकर जानकारी करवा लेती हूं। जो भी अतिक्रमी हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**मेघा वर्मा, सभापति, नगर परिषद**

# जिला कारागृह का मासिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर अध्यक्ष देवेन्द्र दीक्षित ने मंगलवार को जिला कारागृह सवाई माधोपुर का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दीक्षित ने मौके पर उपस्थित जेलर महावीर प्रसाद मीना से कारागृह में बंदियों की कुल संख्या, नए प्रवेश करने वाले बंदियों के नाम एवं पता, उनके मुकदमों, संबंधित थानों, न्यायालयों, बंदियों के परिजनों से वार्ता करने की सुविधा आदि के संबंध में पूछताछ की एवं रसोईघर का निरीक्षण कर बंदियों को प्रदान की जाने वाली भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जांच की। साथ ही बंदियों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं, अपने मुकदमें की पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता आदि के संबंध में पूछताछ कर उनकी समस्याओं को सुना गया एवं कारागृह परिसर व बैरकों की साफ-सफाई आदि के संबंध में जांच की गई। निरीक्षण के दौरान बंदियों को प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाएं एवं साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई। बंदियों द्वारा उन्हें प्राप्त मूलभूत सुविधाओं के संबंध में कोई शिकायत नहीं की गई। साथ ही प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का विजिट कर जेल विजिटिंग लॉयर एवं अधिकार मित्र द्वारा बंदियों को प्रदान निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में की गई कार्यवाही के संबंध में पूछताछ की गई। निरीक्षण के दौरान कुल 91 बंदी उपस्थित पाएं गए। दौराने निरीक्षण चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल राधेश्याम जोगी, डॉ. मनोज कुमार गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# युवा समाजसेवी जिनेन्द्र मेन्दवास्या होगें मालपुरा शहर मंडल अध्यक्ष

## लावा मंडल के इन्द्रपाल, लाम्बाहरिसिंह के सुनील व पचेवर के धर्मराज हुए मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा जारी सूची के अनुसार मालपुरा भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष के पद पर जिनेन्द्र मेन्द्रवास्या सहित क्षैत्र के लाम्बाहरिसिंह, पचेवर व लावा मंडलो के अध्यक्षो के नामो की धोषणा की गई है। मंगलवार को टोडारायसिंह नगरपालिका सभागार में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें भाजपा कें जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता सहित जिले, विधानसभा व मालपुरा टोडारायसिंह क्षैत्र के अन्य कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजुद रहे। कार्यक्रम में प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय की ओर से मंडल अध्यक्षो को लेकर जारी सूची को ज़ार किया। इसमें



उन्होंने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यालय की ओर से भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष पद युवा समाजसेवी, भामाशाह एवं युवा नेता जिनेन्द्र मेन्दवास्या को मनोनीत किया गया है। इसके अलावा लावा मंडल अध्यक्ष पद पर इन्द्रपाल चौधरी, पचेवर मंडल अध्यक्ष पद पर धर्मवीर जांगिड़ तथा लाम्बाहरिसिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष पद पर सुनील सोनी सरपट भैया को मनोनीत किया गया है। साथ ही टोडारायसिंह भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष पद पर सुनील भारत को मनोनीत किया गया है। जलदाय मंत्री की इस धोषणा के बाद समूचा सभागार तालियो की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। साथ ही कार्यक्रम में मौजुद भाजपा प्रदेश कार्यालय की ओर से सभी नए मंडल अध्यक्षो का मौजुद जलदाय मंत्री सहित भाजपा पदाधिकारियो ने मालाऐं पहना कर, भाजपा का दुपट्टा गले में डालकर व साफे बंधा कर स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन नीटू, टोडारायसिंह नगरपालिका के अध्यक्ष रहे संत कुमार जैन सहित भाजपा के अन्य कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजुद रहे।


## जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के प्रयास लाए रंग

# ब्र्हम तालाब सरोवर के सौन्दर्यकरण पर होगें 2 करोड़ 76 लाख रूपये

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा शहर के मध्य में स्थित अति प्राचीन ब्रह्म तालाब के सौन्दर्यकरण पर राजस्थान शहरी पेयजल सीवरेज और अवसरंचना निगम लिमिटेड (रूडिस्को)की अमृत 2 योजना में 2 करोड़ 76 लाख रूपये व्यय किए जाएगें।

प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं मालपुा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र के विधायक कन्हैयालाल चौधरी की अनुशंषा व अथक प्रयासो से राजस्थान शहरी पेयजल सीवरेज और अवसरंचना निगम लिमिटेड (रूडिस्को) की अमृत 2 योजना चयन किया गया है। इस चयन के बाद तालाब के सौन्दर्यकरण, झील नुमा रूप स्वरूप देने सहित अन्य सौन्दर्यकरण के कार्यो पर 2.76 करोड़ रूपये व्यय किए जाएगें।



इतना ही नहीं रूडिस्को ने इसको लेकर निविदाऐं आमन्त्रित कर ली है। बह्म तालाब के सौन्दर्यकरण का कार्य पूर्ण हो जाने के बाद मालपुरा शहर का यह तालाब पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान साबित होगा। गौरतलब है कि चौधरी पिछले काफी वर्षो से मालपुरा कू ब्रह्म तालाब को झीलनुमा बनाकर इसके सौन्दर्यकरण करवाने के प्रयासो में जूटे हुए थे।

लेकिन कतिपय कारणो से उनके प्रयास पूरे नहीं हो पा रहे थे। लेकिन वर्तमान में केन्द्र, राज्य व नगरपालिका मालपुरा की सरकार भाजपा की होने व कड़ी से कड़ी जुड़ी होने से यह सब संभव हो सका है। सूत्रो की माने तो ब्रह्म तालाब के सौन्दर्यकरण कार्यो में मुख्य रूप से चार दिवारी, दूधिया व रंगीन रोशनी, उद्यान, फव्वारे, घाटों का नवनिर्माण, नाले नालियो सहित आने जाने के लिए मुख्य रास्तो का निमाण सहित अन्य कई कार्य होगें।

**आभार प्रकट किया :-** मालपुरा शहर के ब्रह्म तालाब के सौन्दर्यकरण के लिए 2 करोड़ 76 लाख रूपये का बजट स्वीकृत करवाने पर नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार प्रकट किया है।

# 32 लाख के 165 मोबाइल मालिकों को लौटाए, 30 दिन के विशेष अभियान में 111 सिम, 169 आईएमईआई भी किए ब्लॉक

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** टोंक पुलिस ने एक माह तक चलाए साइबर शील्ड विशेष अभियान में बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान क्राइम में लिप्त 111 सिम कार्ड और 169 आईएमईआई ब्लॉक कराए है। वहीं 32 लाख 29 हजार की कीमत के 165 गुम हुए मोबाइलों को चोरों से जब्त कर उनके मालिकों को सौंपे है। साथ ही 22 साइबर अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। एसपी विकास सांगवान ने बताया कि पिछले माह 30 दिन का साइबर शील्ड विशेष अभियान चलाया। यह अभियान टोंक एएसपी बृजेंद्र सिंह भाटी, मालपुरा एएसपी मोटाराम बेनीवाल के सुपरविजन में चलाया गया। इनके सुपरविजन में जिले की विशेष पुलिस टीमों का गठन कर साइबर फ्रॉड प्रभावित क्षेत्रों में दबिश दी गई। इसमें 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 4 मामले दर्ज किए गए। आरोपियों के कब्जे से साइबर फ्रॉड में काम लिए जा रहे 3 मोबाइल जब्त किए।

### 10,985 लोगों को किया जागरूक

अभियान के दौरान पुलिस ने स्कूलों, कॉलेजों व नुक्कड नाटकों के द्वारा 270 जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसमें 10 हजार 985 लोगों को जागरूक किया गया। स्कसांगवान ने बताया कि साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए पुलिस पूरा प्रयास कर रही है।

# अर्जुन गुर्जर ने व्यावसायिक शिक्षा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लहराया परचम



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** व्यावसायिक शिक्षा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2024-25 में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय झिलाय की कक्षा 9वीं का छात्र अर्जुन गुर्जर ने कौशल प्रादर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर टोंक जिले का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्या अनुराधा वर्मा ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के तत्वावधान में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की मौजूदगी में कौशल प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय में संचालित व्यावसायिक शिक्षा बैंकिंग मे अध्ययनरत छात्र अर्जुन गुर्जर ने राज्य स्तर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

जिस पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त जिला परियोजना अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी अनीश अख्तर, प्रधानाचार्या अनुराधा वर्मा, व्यावसायिक प्रशिक्षक श्वेता खंडेलवाल व कौशल मित्र प्रभारी बनवारीलाल मिश्रा ने छात्र अर्जुन गुर्जर के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# अविकानगर की टीम ने कबड्डी में जीता गोल्ड मेडल



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर की कबड्डी टीम ने नागपुर में आयोजित पश्चिम क्षैत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी खेल के फाइनल मेच में नागपुर की टीम को हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ. अमरसिंह मीणा ने बताया कि संस्थान की कबड्डी टीम को गोल्ड मेडल प्राप्त करने के बाद संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर टीम मैनेजर एवं सभी खिलाड़ियो को बधाई दी। इधर टीम के कप्तान चन्द्र प्रकाश टेलर ने टीम के सभी खिलाड़ियो के अथक प्रयासो से गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है।

इसमें टीम के सभी खिलाड़ियो का खेल के प्रति पूरा समर्पण एवं सहयोग रहा है। साथ ही उन्होंने संस्थान निदेशक डॉ. तोमर द्वारा हौसला आफजाई करने पर आभार प्रकट किया है। उन्होंने बताया कि कबड्डी के अलावा स्मशिंग में गोल्ड, बास्केब्बाल व क्रिकेट में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। साथ ही 200, 400 मीटर एवं 100 गुणा 4 रिले टीम ने भी कांस्य पदक प्राप्त किया है।

# नानी के हत्यारे दोहिते को आजीवन कारावास की सजा, ट्रैक्टर से कुचलकर की थी हत्या कोर्ट ने 11हजार का जुर्माना भी लगाया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** साढ़े तीन साल पहले आम रास्ते में पाइप लाइन डालने को लेकर हुए विवाद के बाद बड़ी नानी (सगी नानी की जेठानी) की ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या करने के दोषी दोहिते को डीजे कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी पर 11 हजार 400 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह हत्या घाड़ थाना क्षेत्र के ज्योतिपुरा में साढ़े तीन साल पहले की गई थी। आज इस मामले में निर्णय सुनाया है। अपर लोक अभियोजक राज किशोर गुर्जर ने बताया कि टोंक के घाड़ थाना क्षेत्र का ये पूरा मामला है जहां आरोपी राम प्रसाद और मृतका प्रेम देवी के बीच आम रास्ते में पाइप लाइन डालने की बात को लेकर 27 अगस्त 2021 को विवाद हो गया था। मृतका ने आरोपी को पाइप डालने से रोक दिया। इस बात को लेकर आरोपी प्रेमदेवी से नाराज हो गया और ट्रैक्टर चलाता हुआ उसके घर में जा घुसा और प्रेमदेवी को कुचलकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ 24 नवंबर 2021 को कोर्ट में चालान पेश किया गया। जहां लोक अभियोजक राज किशोर गुर्जर ने आरोपी के खिलाफ 23 गवाह और 33 दस्तावे पेश किए गए। पूरे मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राम प्रसाद उर्फ गोलू को हत्या को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सा सुनाई है।

### मृतका का दोहिता है हत्यारा

कोर्ट ने जिस राम प्रसाद उर्फ गोलू को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वह मृतका की देवरानी की बेटी का बेटा है। यानि कि मृतका की देवरानी का दोहित है। ऐसे में मृतका का भी रिश्ते में दोहिता लगता है। हत्यारा का गांव घाड़ थाना क्षेत्र में ही चारनेट है। वह उसकी नानी के कोई पुत्र नहीं होने से लंबे समय अपनी नानी (मृतका की देवरानी) के पर रहता था। लेकिन ट्रैक्टर चलाता था। खेतीबाड़ी का काम भी करता था। घटना के दिन मृतका और उसमें पाइप डालने के मामले को लेकर विवाद हो गया और गुस्से में उसकी बड़ी नानी पर ट्रैक्टर चढ़ाकर हत्या कर दी।



# श्री श्याम महोत्सव का पांडाल पूजन के साथ हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** करने वाले श्याम कराने वाले श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित दो दिवशीय तृतीय श्री श्याम महोत्सव का शुभारंभ पांडाल पूजन के साथ किया गया। श्याम मन्दिर के पास बनने वाले पांडाल का पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के सानिध्य में पंडित पूर्णानन्द शास्त्री ने विधिवत पूजन करवाया।

पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया की दो दिवशीय महोत्सव को लेकर 8 फरवरी को कंकाली माता मन्दिर से शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए श्याम मन्दिर तक बाबा श्याम का नगर भृमण होगा व 9 फरवरी को श्याम मन्दिर में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमे भजन सिंगर सुभम-रूपम कलकता, अजय शर्मा दोसा, राजू खंडेलवाल, शिवम म्यूजिकल ग्रप दिल्ली द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। राजू खंडेलवाल ने बताया महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर पर चल रही है।

# 162 नैत्र मरीजो की जांच के बाद 89 मरीजो का आपरेशन के लिए चयन किया गया

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** रोटरी क्लब मालपुरा सिटी के तत्वावधान में जिला अंधता एवं निवारण समिति के सहयोग से मंगलवार को आयोजित नैत्र चिकित्सा शिविर में 162 मरीजो की जांच के बाद 89 मरीजो का नेत्र आपरेशन के लिए चयन किया गया। क्लब सचिव व कार्यक्रम संयोजक सुनील जैन ने बताया कि शिविर का शुभारम्भ सहायक प्रान्तपाल डॉ. अकिंत जैन, अध्यक्ष डॉ. राकेश जैन ने दीप प्रज्जलवित कर किया। शिविर में नैत्र विशेषज्ञ डा. सुकुमन एवं इसकी टीम द्वारा शिविर में 162 मरीजो की जांच की गई। जांच के बाद 89 मरीजो का आपरेशन के लिए चयन किया। जिनका शीध्र आपरेशन करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान 105 मरीजो को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। इस दौरान भागचन्द अजमेरी वाले, अजीत सिंघी, शेरसिंह राजावत सहित क्लब के अन्य सभी सदस्य मौजुद रहे।

# जयपुर जिले में आज होगा किसान रजिस्ट्री शिविरों का आगाज

- हर किसान को मिलेगी 11 अंकों की एक विशिष्ट पहचान, जयपुर में 31 मार्च तक ग्राम पंचायतों में होगा किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन
- जिला कलक्टर के निर्देश पर जिला स्तरीय हेल्प डेस्क का किया गया गठन, फार्मर आईडी के अलावा किसानों को विभागीय योजनाओं से भी किया जाएगा लाभांवित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में बुधवार, 5 फरवरी, 2025 से जयपुर जिले की ग्राम पंचायतों में किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन होगा। शिविरों के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिला स्तरीय हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। अपनी ग्राम पंचायत में शिविर के आयोजन सहित अन्य जानकारियां हासिल करने के लिए आमजन एवं किसान दूरभाष नंबर 0141-2209905, 0141-2209906 पर संपर्क कर सकते हैं। बुधवार 5 फरवरी को जयपुर जिले के मौजमाबाद के मोखमपुरा, किशनगढ़-रेनवाल के लुनियावास, जयपुर के सुमेल, जोबनेर के ढाणी नागान, आमेर के लबाना, सांगानेर के गोनेर, फुलेरा-सांभरलेक के हबसपुरा, जमवारामगढ़ के भानपुरा कलां, बस्सी के कानोता, कालवाड़ के बेगस, चौमूं के नांगल कलां, शाहपुरा के नायन, तुंगा के माधोगढ़, माधोराजपुरा के ढाबिच, फागी के लदाना, चाकसू के टुटोली, दूदू के सुनाड़िया सहित कोटखावदा और आंधी ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन होगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जयपुर जिले में किसान रजिस्ट्री शिविरों के सफल आयोजन एवं जिले के समस्त किसानों का एग्रीस्टैक पर रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने शिविरों के व्यापक प्रचार प्रसार के भी निर्देश दिये हैं ताकि जिले के प्रत्येक किसान को ना केवल शिविरों के आयोजन की जानकारी हो बल्कि शिविरों में किसान फार्मर आईडी बनाने के साथ-साथ अन्य विभागीय योजनाओं से लाभांवित हों सकें।

**प्रात: 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक होगा शिविरों का आयोजन :** एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जयपुर में किसान रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम स्तर पर 5 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक किया जायेगा। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में किसानों की विशिष्ट किसान आईडी बनाई जायेगी। शिविरों का आयोजन प्रात: 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक किया जाएगा। शिविर में किसान आईडी तैयार करने के साथ साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं उपचार सहित पशुपालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभांवित किया जाएगा।

### किसान रजिस्ट्री से किसानों को लाभ

किसान आईडी (बिना अतिरिक्त दस्तावेज) के माध्यम से सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं तक पहुंच आसान हो सकेगी। पात्र किसान का प्रधानमंत्री-किसान/मुख्यमंत्री-किसान सम्मान निधि योजना, अन्य योजनाओं में स्वत: जुड़ना सम्भव होगा। किसानों से फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्यों एवं अन्य योजनाओं में त्वरित (बिना किसी अतिरिक्त दस्तावेज के) खरीद संभव हो सकेगी। किसान की फसल के अनुसार डिजिटल तरीके से फसलों का बीमा संभव होगा। इसके अतिरिक्ति किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा ऋण आसानी एवं शीघ्रता से मिल सकेगा। किसानों को फसलों के लिए सेवाओं और बाजारों का व्यापक विकल्प मिल सकेगा। किसान अपनी फसलों, मृदा की स्थिति और कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुसार परामर्श सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही, सरकारी योजनाओं में लाभों का समान वितरण सुनिश्चित हो सकेगा, साथ ही लाभ से वंचित पात्र किसानों की पहचान संभव होगी ।

## क्षतिग्रस्त बांध की वेस्ट वेयर को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारी कर रहे अनदेखी

- बांध की वेस्ट वेयर प्रोटेक्शन के लिए हुआ था स्वीकृत
- मानसरोवर का बजट कोसरा छारेटा में आएगा काम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** खण्डार उपखण्ड क्षेत्र के मानसरोवर बांध की क्षतिग्रस्त वेस्ट वेयर की सुरक्षा लिए राज्य सरकार की ओर से हाल ही 6 नवबर को स्वीकृत करीब 3.85 करोड़ का बजट सिंचाई विभाग की अनदेखी के चलते क्षेत्र के कोसरा छारेटा की क्षतिग्रस्त (एमआईटी) माइक्रो इरिगेशन टैंक की मरमत के काम आएगा। ऐसे में मानसरोवर बांध का वेस्ट वेयर की मरमत कार्य अधरझूल में है। इससे मानसरोवर बांध इलाके के किसानों में रोष व्याप्त है। किसानों ने मानसरोवर बांध की वेस्ट वेयर की मरमत कराने की मांग की है।

### बारिश में दर्जनों गांवों पर खतरा

सिंचाई विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में बांध की वेस्ट वेयर क्षतिग्रस्त हो गई थी। ऐसे में दर्जनों गांव डूबने के कगार पर आ गए थे। आनन-फानन में क्षतिग्रस्त वेस्टवेयर पर मिट्टी के कट्टे व पत्थर डा बांध की चादर के पानी निकासी को रोका था। बाद में सरकार ने मरमत के लिए 5 करोड़ का बजट स्वीकृत किया था, लेकिन यह मरमत के नाम पर ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुआ। वेस्ट वेयर की पूर्ण मरमत नहीं हो सकी। इस पर विभाग ने पुन~ सरकार को बजट के लिए प्रस्ताव भेजा था। इस पर सरकार ने 3 करोड 84 लाख घोषणा की थी, इस पर 6 नवबर को बजट की प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी थी। ऐसे में क्षेत्र के ग्रामीणों को बांध की चादर की मरमत की आस जगी थी। वित्तीय स्वीकृति जारी होने से पूर्व बजट को कोसरा छारेटा में माइक्रो इरिगेशन टैंक की मरमत के लिए स्थानांतरित कर दिया।

### पिछले पांच सालों से बारिश में चादर चलने से ग्रामीण रहते हैं चिंतित

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले करीब पांच वर्षों से बांध की चादर चलने वाली दीवार क्षतिग्रस्त होने से बारिश के पानी के दवाब के चलते उसके टूटने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में क्षेत्र के दर्जनों गांवों के डूबने की आशंका से ग्रामीणों को रतजगा करना पड़ता है। उसके बाद भी प्रशासन के कानों में जू तक नहीं रेंगती है। हर वर्ष चादर चलने से ग्रामीण चिंतित रहते हैं।

### बांध की चादर का पानी पुलिया से पांच फीट ऊपर से गुजरा

ग्रामीणों ने बताया कि इस वर्ष बारिश के मौसम में तेज बारिश के चलते बांध पर चादर चल गई। तेज बारिश होने से चादर चलने से क्षतिग्रस्त दीवार के चलते टोंक चिरगांव नेशनल हाइवे 552 पर स्थित ओघाड़ की पुलिया के करीब पांच फीट ऊपर से पानी निकल गया। इससे बांध क्षेत्र के गांवों के ग्रामीणों के सामने गांव छोड़कर अन्यत्र जाने की नौबत आ गई थी। उसके बांध विभाग ने चादर की दीवार (वेस्ट वेयर) की मरमत के लिए बजट के प्रस्ताव भेजे थे।

**इनका कहना है :** मानसरोवर बांध के वेस्ट वेयर की मरमत के लिए विभाग ने 3.84 करोड़ के बजट का प्रस्ताव भेजा था, हालांकि बजट की वित्तीय स्वीकृति जारी नहीं हुई है। ऐसे में प्रस्तावित बजट को कोसरा-छारेटा में क्षतिग्रस्त माइक्रो इरिगेशन टैंक की मरमत के लिए काम लेने पर विचार चल रहा है।

**अरुण शर्मा, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग, सवाई माधोपुर**

## शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 34 वे दिन भी अनवरत जारी

### जिला समाप्त करने के विरोध में क्रमिक अनशन धरने पर नामदेव छिपा एवं दर्जी समाज शाहपुरा के सदस्य बैठे

बढ़ता राजस्थान



**शाहपुरा (कमलेश अग्रवाल)।** दिनांक 4-2-25 को शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर नामदेव छिपा एवं दर्जी समाज शाहपुरा सदस्य छिपा समाज के अध्यक्ष उदयलाल छिपा एवं दर्जी समाज के अध्यक्ष रमेश टेलर के नेतृत्व में त्रिमूर्ति चौराहा पर एकत्रित होकर अमर शहीद बाहरेठ स्मारक पर क्रांतिकारी वीर शहीदों को माल्यार्पण कर शांतिपूर्ण रैली निकालते नारेबाजी करते हाथों में काले झंडे लेकर धरना स्थल पर पहुंचे । शाहपुरा को यथावत जिला बनाये रखने की मांग करते हुए जिला बचाओ संघर्ष समिति के समर्थन में सैकड़ो की संख्या में नामदेव छिपा एवं दर्जी समाज के समाजजन भाजपा नेता सतनारायण तोलंबिया समाज की युवा अध्यक्ष पीयूष छिपा रामस्वरूप कोलंबिया बंसीलाल छिपा मदनलाल छिपा कन्हैयालाल आर्य रामवल्लभ धुमश देवेंद्र शर्मा शिवराज छिपा जितेंद्र आशीष छिपा नंदकिशोर टेलर अंकित सर्व मुकेश बुला दीपक छिपा विष्णु छिपा विनोद छिपा चंद्र प्रकाश छिपा मुकेश एडवाल कृष्ण गोपाल छिपा भंवरलाल छिपा अभिषेक सर्व प्रदीप सर्व विजय टेलर राजेश धूमस विजय कुमार टेलर राकेश कुमार डीडवानिया संवाददाता मोनू नामदेव छिपा सहित सैकड़ो सदस्य क्रमिक अनशन धरने पर बैठे जिनका संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा, संयोजक राम प्रसाद जाट, महासचिव कमलेश मुंडेतिया अधिवक्ता आशीष पालीवाल आशीष भारद्वाज मोहम्मद शरीफ ताज मोहम्मद संघर्ष समिति सदस्य राजेंद्र बोहरा धनराज जीनगर छोटू नीलकर हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा अविनाश शर्मा प्रवीण कुमार सहित अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया । नामदेव छिपा के अध्यक्ष उदयलाल छिपा एवं दर्जी समाज शाहपुरा अध्यक्ष रमेश टेलर भाजपा नेता सतनारायण तोलबिया पत्रकार मोनू नामदेव कन्हैयालाल आर्य मदनलाल अमरवाल ने संबोधित किया और संघर्ष समिति के सदस्य कवि दिनेश बंटी ने नेताओं पर रचना प्रस्तुत की । जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा ने कहा कि शाहपुरा जिला की पैरवी यहां के जनप्रतिनिधि ने सरकार से पुरजोर प्रभावी तरीके से नहीं की नतीजन शाहपुरा जिला समाप्त हो गया जबकि शाहपुरा से कम क्षेत्रफल एवं कम जनसंख्या वाले डीग व सलूंबर जिले बनाये रखे। शाहपुरा जिला संपूर्ण मापदण्ड होने के बावजूद राजनीतिक उदासीनता का शिकार हो गया शाहपुरा की जनता जनप्रतिनिधि को माफ नहीं करेगी । संयोजक राम प्रसाद जाट ने कहा कि जब तक शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा सरकार द्वारा प्रदान नहीं किया जाता तब तक आंदोलन और संघर्ष अनवरत जारी रहेगा तथा आंदोलन को और तेज और उग्र किया जाएगा। वक्ताओं ने शाहपुरा को जिले का दर्जा देने की मांग की और शाहपुरा जिले को समाप्त करने का विरोध किया। संघर्ष समिति के महासचिव एवं अभिभाषक संस्था के सह सचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि अधिक्ताओं ने 2 जनवरी से निरंतर न्यायालय में न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर रखा है । अभी तक सरकार व प्रशासन का कोई नुमाइंदा वार्ता के लिए संघर्ष समिति व धरना स्थल पर नहीं मिला जिससे जनता में भारी रोष व्याप्त है । सामाजिक संगठनों का लगातार समर्थन मिल रहा हैं आज क्षत्रिय राजपूत समाज शाहपुरा के समाज जनों ने धरना स्थल पर पहुंचकर जिला बचाओ संघर्ष समिति शाहपुरा को लिखित समर्थन पत्र सौंप कर सहयोग देने का आश्वासन दिया । कल 5 फरवरी को जेबीआर ग्रुप बलाई समाज ग्रामीण क्षेत्र बनेड़ा शाहपुरा के सदस्य क्रमिक अनशन धरने पर बैठेंगे।

## अनहद नाद कविता संग्रह का समारोह पूर्वक विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**हिण्डौन सिटी (नि.स.)।** सोमवार को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, में शहर की साहित्यिक संस्था, नीराजन के तत्वावधान में वसंत पंचमी के अवसर पर शहर के साहित्यकार मनमोहन शर्मा पाठक के कविता संग्रह अनहद नाद का विमोचन किया नीराजन के मनीष भारद्वाज व शत्रुघ्न सोलंकी ने बताया कि इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी करौली इन्द्रेश तिवाडी मुख्य अतिथि रहे तथा शिक्षाविद् छैल बिहारी पाठक एवं कालेज शिक्षा से सेवानिवृत्त डॉ. महेन्द्र शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वयोवृद्ध साहित्यकार जयगोविन्द बैदिल की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह की शुरुआत अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन एवं नीराजन के सदस्यों द्वारा मंगलाचरण केसाथ हुई।नीराजन के शत्रुध्न सोलंकी ने स्वागत भाषण एवं नीराजन की गतिविधियों का परिचय दिया अनहद नाद के विमोचन पर नीराजन के साथ साथ विद्यालय स्टॉफ और मित्रो द्वारा कवि मनमोहन शर्मा पाठक का सम्मान किया गया।साहित्यकार कृष्ण बिहारी पाठक ने मनमोहन शर्मा %पाठक 'के काव्य संग्रह अनहद नाद पर केन्द्रित पत्रवाचन प्रस्तुत किया । राजस्थान पत्रिका समूह द्वारा सर्वश्रेष्ठ कवि के रूप में पुरस्कृत सोमनाथ शर्मा ने अपनी कविता वसंत का पाठ किया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य सतीश प्रकाश शर्मा, रजनी जंगम, शिक्षाविद मुकेश शर्मा, हरिमोहन शर्मा, प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट धर्मेन्द्र गैरा,कवि ब्रह्मानंद गुप्ता ब्रह्मपाद, ऑक्सफोर्ड स्कूल के संचालक मनोज जैन, सोनू शर्मा हरदेनिया सहित अनेक साहित्यानुरागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हेमंत सोनी ने किया।

## भाजपा के नये जिलाध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण



बढ़ता राजस्थान

**सीकर, (नि.स.)।** जिला भाजपा कार्यालय में मंगलवार को नये जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने पदभार ग्रहण किया। इससे पहले हवन एवं पूजा की गई। धार्मिक अनुष्ठान के बाद कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने पदभार ग्रहण किया और कार्यकर्ताओं के साथ संगठन आत्मक विस्तार के लिए चर्चा की। माला पहनाकर उनका सम्मान किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी अपनों ने कहा कि नव नियुक्त जिला अध्यक्ष से हमारी आशाएं और अपेक्षाएं जुड़ी हुई हैं। हमे पूरा विश्वास है जो पार्टी की विचारधारा सेवा भाव की एक परंपरा है उस परंपरा का निर्वहन नव नियुक्त जिलाध्यक्ष पूर्ण जिम्मेदारी के साथ पूरा करेंगे। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने कहा कि मैं सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। आप सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से लोगों की समस्याओं के समाधान करने की दिशा में कार्य करना यह हमारा प्रयास होगा। संगठन जनप्रतिनिधि की ऊर्जा होता हे,शक्ति होती है। पूर्व विधायक ने कहा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अनुभवी हैं उनके नेतृत्व में सफलता के नये आयाम स्थापित होंगे। संचालन कर्ताओ ने धन्यवाद ज्ञापन किया।कार्यक्रम को धोद पंचायत समिति के प्रधान प्रतिनिधि मूलचंद रणवां सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री भंवरलाल वर्मा ने किया।जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान रमेश जलधारी, मूलचंद रणवां, भंवरलाल वर्मा, गोविंद बिजारणियां, राजेश रोलन, अशोक चौधरी, नेमीचंद कुमावत, राजकुमार महला, विष्णु काबरा, निश्चय जीनगर, स्वदेश शर्मा, नीलम मिश्रा, फूलचंद कुमावत, प्रियंका बाजिया, भंवरी खोखर, कविता चौधरी, सीमा अग्रवाल, जितेंद्र सिंह कारंगा, पवन जोशी, वरूण कुशलेम, सुरेश सैनी, दौलतराम गोयल, डॉ. बीएल रणवां, नेकीराम आर्य आदि मौजूद रहे।

## गंदे पानी की निकासी न होने से परेशान लोगों ने किया रोड जाम

बढ़ता राजस्थान





**सीकर,(नि.स.)।** जयपुर-बीकानेर नेशनल हाईवे एनएच 52 सीकर सालासर रोड नानी बीड गंदे पानी से परेशान लोगों ने लगाया जाम बीते दो दिनों से नानी बीड मे नगर परिषद द्वारा बनाया हुआ डैम टूटने के बाद गन्दा पानी लगातार हाईवे पर बह रहा गंदे पानी से परेशान लोगों और छात्रों ने मंगलवार को जाम कर दिया।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब आम जनता की समस्या पर ध्यान नहीं का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की।आक्रोशित लोगों के घरों में पानी भर के अलावा मवेशी भी डूबे।मौके पर सदर थानाअधिकारी पहुंचे और लोगों से समझाइज की। लोगों ने कहा कि रोज नेशनल हाईवे पर भडाढर चौराहे 5 किलोमीटर तक पानी भरा रहता है जिससे एक्सीडेंट होते हैं तथा लोगों के घर जाने का रास्ता अवरुद्ध इस को लेकर बीते दिनों कांग्रेस पी सी सी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने ट्वीट करके सरकार को चेताया था फिर भी विधानसभा सत्र के दौरान भी सरकार मोन। स्थानीय विधायक और सीकर सांसद अमराराम भी बीते दिनों नानी बिड के डेम का ग का दौरा कर चुके मगर समस्या जस की तस् बनी हुई। सीकर प्रशासन और नगर परिषद के अधिकारी सिर्फ आश्वासन देने आते मगर इस समस्या का कोई स्थाई समाधान नहीं हुआ।

## चोर ने दो बार दुकान में कर डाली वारदात, नगदी व अन्य सामान चोरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** आदर्श नगर थाना इलाके में एक दुकान में चोर ने तीन दिन में दो बार चोरी की वारदात कर डाली। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार सिंधी कॉलोनी निवासी शंकर लाल ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी दुकान बर्फखाना के पास है। 20 जनवरी की शाम करीब साढ़े चार बजे एक युवक आया और उसकी दुकान में घुसकर गल्ला तोड़कर 25 से 30 हजार रुपए ले गया। यह पूरी घटना दुकान के बाहर व अंदर लगे सीसीटीवी कैमरें में कैद हो गई। 23 जनवरी की रात करीब पौने बारह बजे चोर एक बार फिर दुकान का गेट तोड़कर अंदर घुसा और दुकान से 20 हजार रुपए और एलईडी टीवी सहित अन्य सामान ले गया। लगातार हो रही घटना से परेशान होकर पीडित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश में जुट गई है।

## विश्व कैंसर दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**फतेहपुर शेखावाटी(नि.स.)।** श्री लक्ष्मीनाथ लायंस क्लब के तत्वावधान में मारुति विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल फतेहपुर मैं विश्व कैंसर दिवस अहिंसा प्रशिक्षण के निदेशक सतीश शांडिल्य की अध्यक्षता में मनाया गया । लायन सचिव ओम प्रकाश जाखड़ जी बताया कि मुख्य अतिथि इंद्र सिंह ,विशिष्ट अतिथि मदन सिंह थे । वैद्य राम अवतार शर्मा का सानिध्य रहा। सतीश शांडिल्य ने अपने उद्बोधन में केंसर से बचने का एक ही उपाय है की हम संयम में रहे, काली पॉलीथिन, गुटका , धूम्रपान आदि से लोगों को बचाना चाहिए। जीवन नशामुक्त एवं व्यसन मुक्त जीना चाहिए । शरीर के लिए योग करते रहना चाहिए। कैंसर ना हो इसके लिए पहले से ही जीवन की हिफाजत, अपनी सुरक्षा अपने शरीर की पवित्रता से कि जा सकती हैं। वैद्य रामावतार शर्मा ने बताया कि लहसुन ,प्याज, अदरक, काली मिर्च आदि का नियमित रूप से सेवन करने से कैंसर जैसी भयानक बीमारी नहीं हो सकती ।

## सांसद डॉ रावत ने राज्य में परिवहन सुविधाओं के लिए संसद में की पैरवी

### राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के लिए मांगी विशेष आर्थिक सहायता

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर, (नि.स.)।** उदयपुर से लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने प्रदेश में सड़क परिवहन सुविधाओं के विस्तार के लिए केंद्र सरकार से राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के लिए विशेष आर्थिक सहायता की मांग रखी। सांसद डॉ रावत ने संसद सत्र के दौरान नियम 377 के तहत अपनी बात रखते हुए कहा कि संसद द्वारा पारित सड़क परिवहन निगम अधिनियम, 1950 के तहत अधिकांश राज्यों में सार्वजनिक परिवहन कार्यों के लिए निगम की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य सड़क परिवहन के विकास द्वारा जनता, व्यापार एवं उद्योग जगत को लाभ पहुँचाना, सड़क परिवहन में समन्वय स्थापित करना एवं यातायात सुविधाओं के विस्तार एवं सुधार करना एवं दक्ष तथा मितव्ययी सड़क परिवहन प्रणाली को विकसित करना है। राजस्थान में इस हेतु राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की स्थापना वर्ष 1964 में की गई। उन्होंने केन्द्र सरकार से आग्रह किया कि जनहित में सुविधाजनक एवं सस्ती बस सेवाओं के लिए नई बस सेवाएँ जारी रखने के लिए निगम को आर्थिक सहायता हेतु संविधान के अनुच्छेद 275 (1) या मोटर यान अधिनियम, 1989 के उद्देश्यों के लिए राजस्थान जैसे राज्यों को विशेष आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

## जांगिड़ ब्राह्मण समाज का प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह 9 को

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में सम्मेलन समिति तहसील सभा एवं विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में जिला अध्यक्ष बद्रीलाल जांगिड़, तहसील अध्यक्ष नारायणलाल जांगिड़, विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद जांगिड़, संमेलन अध्यक्ष महेंद्र जांगिड़ व युवा प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष मनोज जांगिड़ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें मंदिर शिखर निर्माण, छात्रावास निर्माण व प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर चर्चा की गई। विकास समिति सचिव मनीष बहकवा व तहसील महामंत्री रामविलास जांगिड़ ने बताया कि सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं, 12वीं व ग्रेजुएशन में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त प्रतिभाओं व पंचम आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहयोग करने वाले समस्त भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभावान छात्र-छात्राएं अपनी अंक तालिका की छाया प्रति व एक पासपोर्ट साइज का फोटो विश्व भारती माध्यमिक विद्यालय में 8 फरवरी तक जमा करवा सकते हैं। बैठक में सर्वसम्मति से गुंबद निर्माण का टेंडर किया गया। इस दौरान कोषाध्यक्ष सुरेश जांगिड़, किशन लाल जांगिड़, घनश्याम जांगिड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश जांगिड़, हनुमान जांगिड़, चौथमल जांगिड़, पूरणमल जांगिड़, सत्यनारायण जांगिड़ व शंकरलाल जांगिड़ सहित समाज के कई लोग मौजूद थे।

# आपसी संघर्ष में आरटीवी 4 की मृत्यु के बाद आरटीवी 1 टाइगर की मूमेंट पर नजर कैमरो के माध्यम से

## फाइट में आरटीवी 1भी घायल होने का अनुमान लगा रहे रामगढ़ अभ्यारण के अधिकारी

### रामगढ़ के विकास की गति को रोकने की आ रही दुर्गंध



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** रामगढ़ विपधारी टाईगर रिजर्व, बून्दी में हरियाणा के रेवाड़ी वन मण्डल के झाबुआ वनक्षेत्र से एक नर बाघ एसटी-2303 को रेस्क्यू कर यहां स्थानान्तरित किया गया था। जिसको पूर्व में विचरण कर रहे नर बाम आरवीटी -1 के साथ आपसी संघर्ष में उक्त नर बाप आरवीटी-4 की दिनांक 31.01.2025 को मृत्यु हो गई थी। इस घटना के उपरान्त लगातार सभी वन्यजीव प्रेमियों के द्वारा यह कयास लगाये जा रहे थे कि इन दोनों बाघों के आपसी संघर्ष में नर बाघ आरवीटी 4 की तो मृत्यु हो गई है, लेकिन इस संघर्ष में आरवीटी-1 के धायल होने की संभावना जताई जा रही है इसी को लेकर रामगढ़ के फॉरेस्ट अधिकारी अरविंद झा ने बताया कि उसकी मॉनिटरिंग कैमरा के माध्यम से की जा रही है। और हाल ही में उसका मूवमेंट कमरे में कैद हुआ है मगर वह स्वस्थ है या नहीं इसका पता लगाना मुश्किल हो रहा है। किसी को ध्यान में रखते हुए लगातार आरटीवी 1 टाइगर की लगातार मॉनिटरिंग करेंगे। और उच्च अधिकारियों को भी इस संदर्भ में अवगत कराकर मेडिकल जांच के लिए पत्र लिखा जाएगा।

ताकि आने वाले समय में रामगढ़ को एक और टाइगर से हाथ ना धोना पड़े। अरविंद झा ने यह भी बताया कि आने वाले पखवाड़े में हर टाइगर हर वन्य जीव पर मॉनिटरिंग कैमरो के माध्यम से फोटो व वीडियो के थ्रू होती रहेगी। पूरे रामगढ़ अभ्यारण में 200 कमरे फोटो और वीडियो के लगाए हुए हैं। जिस समय समय पर मॉनिटरिंग की जा सके ऐसी तैयारी की जा रही है। रामगढ़ में एक हेलीकॉप्टर के माध्यम से टाइगर लाने की तैयारी की जा रही थी लेकिन वन मंडल के तबादलों में रामगढ़ विषधारी के अधिकारी के परिवर्तन होते ही मामला फिलहाल खटाई में पड़ा लग रहा है। लगातार बूंदी रामगढ़ अभ्यारण में टाइगर की मृत्यु होना साथ ही रामगढ़ में संपूर्ण स्टाफ का परिवर्तन करना रामगढ़ के लगे पंखों को कुतरने जैसा लग रहा है। वर्तमान में रामगढ़ में अरविंद कुमार झा लगाए गए हैं जिनका कार्यकाल मात्र 6 महीने का ही है। इस 6 महीने के कार्यकाल में वह रामगढ़ को कितना विकास दे पाएंगे यह तो समय ही बताया मगर कहीं ना कहीं रामगढ़ के विकास के पैर काटने की दुर्गंध महसूस हो रही है जिससे पर्यटन प्रेमियों में निराशा देखने को मिल रही है।

# अर्बन बैंक निदेशक मंडल की बैठक सम्पन्न

## न्यूनतम ऋण ब्याज दरो को यथावत रखने का निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, (नि.स.)।** चित्तौड़गढ़ अर्बन को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक बैंक चेयरमैन डॉ आई एम सेठिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति के मद्देनजर व्यवसाय वृद्धि एवं ऋण वसूली के नियत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सुनियोजित प्रभावी कार्यवाही करने का निर्णय लिया जाने के साथ ही दिवाली उत्सव ऑफर में ऋण ब्याज दरों में की गई कमी को मार्च तक यथावत रखने व अगले वित्तीय 2025-26 में बैंक स्थापना के 25 वर्ष होने पर रजत जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर सभी शाखा केंद्र पर भव्य आयोजन के जरिए आमजन को बैंक से जोड़ने की कार्ययोजना बनाने का निर्णय किया गया। प्रबंध निदेशक वंदना वजीरानी के अनुसार निदेशक दिनेश सिसोदिया, राधेश्याम अमेरिया, कल्याणी दीक्षित, बाबर मल मीणा, बाल किशन धूत, दिप्ती सेठिया डाड, रणजीत सिंह नाहर, हेमंत शर्मा के सानिध्य में संपन्न बैठक में ऋण स्वीकृतियो व कमेटी बैठको में लिए निर्णयों के साथ साथ साथ ऋण नीति, डेबिट कार्ड पॉलिसी, ग्राहक सेवा नीति, साइबर बीमा, स्टाफ दायित्व नीति आदि पर चर्चा कर समीक्षा की गई। बैठक में स्टाफ कमिटी की अनुशंसा पर स्टाफ सक्सेशन योजना तथा कार्य कुशलता के आधार पर प्रगति को नीति पर भी चर्चा अनुमोदन किया गया। बैंक अध्यक्ष डा सेठिया ने बैंक के सभी कॉनकरंट अंकेक्षको, पैनल अधिवक्ताओं व मूल्यांकन कर्ताओं के साथ संपन्न बैठक की



रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। बैठक का संचालन वंदना वजीरानी ने किया तथा आभार निदेशक दिनेश सिसोदिया ने व्यक्त किया।

### 'बैंकों ब्लू रिबन अवार्ड व निदेशक दिप्ती के सीए चुनावों में जीत पर हर्ष की अभिव्यक्ति'

बैठक में निदेशक दिनेश सिसोदिया ने लोनावाला महाराष्ट्र में 125 से 150 करोड़ जमाओ की श्रेणी में प्रथम स्थान पर प्राप्त किए बैंको ब्लू रिबन अवार्ड को बैंक अध्यक्ष डा सेठिया व निदेशक मंडल सदस्यो को प्रदान करने पर सिसोदिया का उपरना पहना कर सम्मान किया गया वही बैंक निदेशक सीए दिप्ती सेठिया डाड के सीए ब्रांच चुनावों में विजयी होने पर भी उपरना पहना कर अभिनंदन कर बैंक परिवार की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त किया। चित्तौड़ अर्बन बैंक को 2024 में पहले बैंकिंग फ्रंटियर अवार्ड सहित यह दूसरा अवार्ड प्राप्त हुआ है।

# अंता ब्लॉक की दो शिक्षिकाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**अंता (शफीक मंसूरी)।** बसंत पंचमी पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शिक्षा सागर फाउंडेशन मध्यप्रदेश के द्वारा 02 फरवरी को धानोदा जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश में आयोजित हुए डॉ एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान समारोह में अंता ब्लॉक की दो शिक्षिकाओं प्रमिला मालव महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बालदड़ा व मीनाक्षी शर्मा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लिसाड़ी को शिक्षा नवाचार के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान हजारीलाल दांगी विधायक, पुलिस अधीक्षक राजगढ़ आदित्य मिश्रा, राष्ट्रीय शिक्षा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेश भाई प्रजापति एवं मध्य प्रदेश प्रांत प्रभारी महेश कुमार त्रिवेदी एवं हंसा पाटीदार के कर कमलों से सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में 18 राज्यों के 221 शिक्षक सम्मानित हुए।

# जजावर में देवनारायण जयंती पर गुर्जर समाज ने निकाली रेवाडी



बढ़ता राजस्थान

**जजावर (पदम शाह)।** कस्बे में गुर्जर समाज के आराध्य भगवान देवनारायण का 1113वां अवतरण दिवस आस्था उत्साह के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर गुर्जर समाज द्वारा भगवान देवनारायण की रेवाडी( कलश यात्रा) गाजे बाजे डीजे के साथ निकाली गई जिसका मार्ग मे लोगो द्वारा पुष्पवृष्टि कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा सीनियर सेकंडरी स्कूल के प्रांगण से शुरु हुई जो कस्बे के विभिन्न मार्ग से गुजरती हुई भगवान देवनारायण के थानक पर पहुँचकर विसर्जित हुई। रेवाडी में समाज की 51 महिलाएं आकर्षक परिधानों मे सजधज कर सिर पर मंगल कलश लिए हुए आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी वहीं भगवान देवनारायण की जीवंत झांकी आमजन को सुख समृदि का आशीष प्रदान करती नजर आ रही थी। रेवाडी मे शामिल डीजे पर गूंज रहे भजनों से पुरा कस्बा देवमय बना हुआ था वहीं इन भजनो पर नृत्य करते जा रहे समाज के युवक युवतियों ने रेवाडी जुलुस को अलग ही लुक दिया हुआ था।

कार्यक्रम से जुड़े समाज एवं भगवान देवनारायण के सेवादार (भोपा) रामरतन छाबड़ी ने बताया कि कलश यात्रा के थानक पर पहुचने के बाद भगवान देवनारायण की विशेष पूजा अर्चना धुप ध्यान का कार्यक्रम हुआ जिसके बाद नारायण की महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। महाआरती एवं रेवाडी मे स्थानीय गुर्जर समाज के अलावा अन्य समाज के श्रद्धालुओं ने भी आस्था एवं उत्साह के साथ भाग लिया।

# सांवलियाजी की तर्ज पर केकड़ी में बनेगा भव्य मंदिर, खाटूश्याम मंदिर के पाटोत्सव पर विधायक ने किया ऐलान



बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** चित्तौड़गढ़ जिले के प्रख्यात श्री सांवलिया जी मंदिर की तर्ज पर केकड़ी में भी शीघ्र ही सांवलिया सेठ का विशाल मंदिर बनाया जाएगा। इसके लिए शीघ्र ही जमीन का चयन कर उसे मंदिर के लिए आवंटित कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यह घोषणा केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने खाटूश्याम मंदिर के प्रथम पाटोत्सव के मौके पर जयपुर रोड़ पर आयोजित भजन संध्या के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए की। केकड़ी में सांवलिया सेठ का विशाल मंदिर बनाया जाएगा। विधायक गौतम ने कहा कि केकड़ी शहर अध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत एक धार्मिक नगरी है। यहां वर्ष पर्यंत आयोजित होने वाले सभी धर्मों के भव्य विशाल धार्मिक अनुष्ठान व उत्सव इस शहर की परंपरागत पहचान है। इस अवसर पर उन्होनें शीघ्र ही देश के ख्यातनाम कलाकारों को आमंत्रित कर केकड़ी में एक और विशाल भजन संध्या आयोजित करने की घोषणा की। उन्होनें कहा कि इस आयोजन का समस्त खर्चा वे स्वयं वहन करेंगे। विधायक गौतम ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश के आने वाले बजट में केकड़ी को विशेष सौगात मिलने वाली है। उन्होंने बताया कि पुराना कोटा मार्ग व सावर होते हुए नसीराबाद-देवली फोरलेन सड़क मार्ग का कार्य शीघ्र ही शुरू होने वाला है। इसके बनने से इलाके के लोगों को यातायात के भारी दबाव के कारण होने वाले हादसों से निजात मिल सकेगी।

### भजन संध्या में देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु

श्री श्याम प्रेमी सेवा समिति व पोकी नाड़ी विकास समिति के तत्वावधान में गत रात्रि आयोजित इस भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक गौसेवक संत प्रकाशदास महाराज, गोकुल शर्मा, ऋषभ मित्तल व रिदेश अरोड़ा ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए, जिन पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे। भजन संध्या के दौरान भगवान श्रीनाथ की आकर्षक झांकी सजाई गई तथा 56 भोग लगाकर अलसुबह महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। विधायक शत्रुघ्न गौतम ने भजन कलाकारों का माल्यार्पण व दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। उन्होनें गौसेवा के लिए जीवन समर्पित करने वाले भजन गायक संत प्रकाशदास महाराज से आशीर्वाद ग्रहण किया। इस मौके पर श्री श्याम प्रेमी सेवा समिति के चंचल कुमार चौकड़ीवाल, पार्षद कैलाशचंद चौधरी, मनोज कुमावत, बालू माली, रामप्रसाद सैनी, श्योजीराम, लालाराम जाट, दशरथ शर्मा, रामकिशोर बियाणी, सुमित धुपिया, जीतू लक्षकार, मयंक न्याति, अनिल गोयल, अभिषेक गोयल, अर्पित अग्रवाल, गौतम साहू, मोहित मोदी, गोलू सिंधी, हरीश सिंधी, चंदन माहेश्वरी, आशीष बियाणी, अजय तोषनीवाल, अभिषेक जैन, अभिषेक अग्रवाल, योगेश तातेड़, बन्नालाल चौधरी आदि मौजूद थे।

# टेम्पों ट्रेवलर अनियंत्रित होकर पलटी, डेढ़ दर्जन घायल, उदयपुर से कोटा वैवाहिक समारोह में जा रहे थे सभी

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, (नि.स.)।** जिले के भादसोड़ा क्षेत्र में मंगलवार को एक निजी टैम्पो ट्रेवलर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गये। इनमें से कुछ का प्राथमिक उपचार भादसौड़ा स्वास्थ्य केन्द्र पर किया गया जबकि कुछ को चित्तौड़गढ़ चिकित्सालय के लिए रैफर किया गया। सभी बस यात्री उदयपुर से कोटा में आयोजित वैवाहिक समारोह में भाग लेने जा रहे थे।



प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह उदयपुर से कुछ लोग एक टैम्पो ट्रेवलर में सवार होकर कोटा में आयोजित वैवाहिक समारोह में भाग लेने जा रहे थे। भादसौड़ा थाना क्षेत्र में भादसौड़ा से कुछ पहले यह टैम्पो ट्रेवलर अनियंत्रित होकर पलट कर रिटेनिंग वॉल से टकरा गया। चीख पुकार को सुनकर आस पास लोग एकत्रित हो गये तथा घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर भादसौड़ा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा घायलों को उपचार हेतु भादसौड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए रवाना किया।

इस दुर्घटना में डेढ़ दर्जन लोगों के घायल के समाचार है। इनमें से आधा दर्जन लोगों को भादसौड़ा स्वास्थ्य केन्द्र पर प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। षेश में से भी आधा दर्जन लोगों को चिश्रड़गढ़ चिकित्सालय में उपचारार्थ लाया गया।

# विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जन जागरूकता सेमिनार का हुआ आयोजन

## दिनचर्या और खानपान को बदलने की है जरूरत - काउंसलर दीपक शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**सूरतगढ़ (नि.स.)।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ के एनसीडी क्लीनिक और शहीद भगत सिंह डिफ़ेंस एकेडमी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में कैंसर रोग के प्रति जन जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीडी काउंसलर दीपक शर्मा ने कैंसर के प्रकार और सामान्य लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जागरूकता के अभाव में कैंसर रोगी बढ़ रहे हैं जो चिंताजनक है साथ ही हमारी दिनचर्या और खानपान के बदलने से और नशे की प्रवृत्ति बढ़ने से



कैंसर रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। श्री शर्मा ने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करवा कर और चिकित्सक की सलाह का अनुसरण कर कैंसर रोग को बढ़ने से रोका जा सकता है।

# मुख्यमंत्री अनुप्रीत कोचिंग योजना के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, (नि.स.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना अंतर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स हेतु आयेजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ठ ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा ऑनलाईन पोर्टल पर सूचीबद्ध कोचिंग संस्थाओ में नि:शुल्क कोचिंग करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने हेतु 01 फरवरी से 10 फरवरी निर्धारित की गई है। उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं आधिकारिक विभाग के जितेंद्र कुमार गढ़वाल ने बताया कि विभागीय परिपत्र क्रमांक 20930 दिनांक 13 नवंबर 2024 एवं मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के संशोधित नवीनतम विस्तृत दिशा निर्देश एवं मानक संचालन प्रक्रिया क्रमांक 21178 दिनांक 15.11.2024 के प्रावधानों के अनुसार पात्र अभ्यर्थी कोचिंग करने हेतु अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# बसंत पंचमी के पावन पर्व पर पंच कुन्डिय हवन एवं विद्यारम्भ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स.)।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे के आदर्श विद्या मन्दिर में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर पंच कुन्डिय हवन का आयोजन किया गया।जिसमे 21 जोड़ो ने और 21 नवीन प्रवेशित भैया बहिनों ने आहुतियां दी। साथ ही समर्पण दिवस के अवसर पर विद्यालय के भैया बहिनो ने, गुरूजनों ने समिति सदस्यों ने और समाज के भामाशाहों के द्वारा 61000 रुपयों का समर्पण किया गया। प्रधानाचार्य राम गोपाल कार्पेंटर ने बताया कि उक्त राशि गिरि कंदराओं और देश के दुर दराज क्षेत्रों में रहने वाले, सुविधाओं से वंछित वर्ग की शिक्षा हेतू , विद्या भारती शिक्षा संस्थान के द्वारा उपयोग की जाएगी। मिडिया प्रभारी प्रीतम टेलर ने बताया कि उक्त कार्यक्रमों समस्त गुरूजन एवं दीदियों तन, मन, धन से सहयोग किया। साथ ही श्यामलाल कार्पेंटर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मेडिकल कॉलेज के यूटीबी कार्मिकों ने सौंपा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को ज्ञापन

## नॉन टीचिंग स्टाफ पर आरएसआर एवं यूटीबी कार्मिकों को संविदा नियम में शामिल कराने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (नि.स.)।** अखिल राजस्थान मेडिकल कॉलेज यूटीबी कार्मिक संघ द्वारा यहां आसीन्द स्थित सवाईभोज मंदिर में उपमुख्यमंत्री एव वित्तमंत्री को ज्ञापन सौंप कर मेडिकल कॉलेज में कार्यरत् यूटीबी कार्मिकों को संविदा नियम 2022 में शामिल कराने की मांग की। भीलवाड़ा मेडिकल कॉलेज के मुकेश बुलिवाल ने बताया कि 8 वर्षों से राजमेस द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेजों में यूटीबी पर कार्मिक अपनी पूर्ण निष्ठा के साथ सेवायें देते आ रहे है। हाल ही में अधिनस्थ बोर्ड द्वारा इन कॉलेजों के लिए नई संविदा भर्ती निकाले जाने की विज्ञप्ति जारी कर दी गई, किन्तु पूर्व में कार्यरत् कार्मिकों को इसमें शामिल नहीं कर इन्हें भर्ती नियमों में शामिल नहीं किया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि इन यूटीबी कार्मिकों को संविदा नियम में शामिल करते हुए स्थाई किया जाये। इस अवसर पर रवि प्रकाश शर्मा, आमोद शर्मा, धर्मसिंह राजपूत, लोकेन्द्र सिंह, कालूराम पुरावत, मोहम्मह इरफान मंसूरी सहित मेडिकल कॉलेज के कई कार्मिक उपस्थित थे।

# दो शातिर नकबजन गिरफ्तार, ढाई माह पहले सूने मकान का ताला तोड़कर की थी वारदात

## नशे की लत पूरी करने के लिए बने चोर

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** केकड़ी सिटी थाना पुलिस ने ढाई माह पहले शहर के जुवाड़िया मोहल्ले में अजय शाह के सूने मकान का ताला तोड़कर की गई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि दोनों आरोपी शातिर नकबजन है तथा दोनों के खिलाफ अलग अलग थानों में चोरी व नकबजनी के कई प्रकरण दर्ज है। दोनों आरोपी नशे के आदि है तथा नशे की पूर्ति के लिए चोरी व नकबजनी की वारदात करते हैं। केकड़ी सीटी थानाधिकारी कुसुमलता मीणा ने बताया कि गत 22 नवम्बर 2024 को जुवाड़िया मोहल्ला निवासी अजय शाह पुत्र प्रेमचन्द शाह ने रिपोर्ट दी थी कि वह 25 अक्टूबर को घर पर ताला लगाकर कार्यवश मुम्बई गया था। 20 नवम्बर 2024 को मोहल्ले वालों ने बताया कि घर के मैन गेट का ताला टूटा हुआ है तथा सामान बिखरा हुआ है। पुलिस ने व्यापक पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दीपक सिंधी के खिलाफ केकड़ी शहर, देवली, मालपुरा, कोतवाली टोंक व टोडारायसिंह थाने में चोरी व नकबजनी के 10 एवं शाहरूख उर्फ पव्वा के खिलाफ केकड़ी शहर व मोर थाने में चोरी व नकबजनी के 6 प्रकरण दर्ज है। उक्त आरोपियों के खिलाफ सभी प्रकरण वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। वारदात का खुलासा करने वाली टीम में थानाधिकारी कुसुमलता मीणा, एएसआई घीसालाल, हैड कांस्टेबल कालूराम, कांस्टेबल राकेश कुमार, रामराज, पंकज कुमार, राजेन्द्र, नीरज सिंह, कालूराम व तेजमल शामिल है।

# जसोलधाम में माघ शुक्ल सप्तमी पर विशेष पूजा अर्चना, छप्पन भोग व अन्नपूर्णा प्रसादम का भोग अर्पित

बढ़ता राजस्थान



**बालोतरा (कैलाश गोस्वामी)।** माघ शुक्ल पक्ष सप्तमी के पावन अवसर पर जसोल स्थित श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान (जसोलधाम) में विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्री राणीसा भटियाणीसा, श्री बायोसा मां, श्री सवाईसिंह जी, श्री लाल बन्ना सा, श्री खेतलाजी एवं श्री काला-गौरा भैरूजी के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर को भव्य पुष्प सजावट से अलंकृत किया गया, जिससे भक्तों का मन श्रद्धा और भक्ति से भर उठा। मंदिर में विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विशेष अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस दौरान छप्पन भोग और अन्नपूर्णा प्रसादम (भोजन प्रसादी) का विशेष आयोजन किया गया, जिसका लाभ रतन कंवर धर्मपत्नी हड़मतसिंह राठौड़ एवं उनके पुत्रवधु-पुत्र प्रियंका कंवर, पुष्पेंद्रसिंह राठौड़ तथा पुत्र उमेशसिंह राठौड़, निवासी-दुजाना, तहसील सुमेरपुर, जिला पाली (हाल निवास- चेन्नई) द्वारा लिया गया। श्रद्धालुओं ने श्री राणीसा भटियाणीसा सहित मंदिर प्रांगण स्थित समस्त मंदिरों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए और सुख-समृद्धि की कामना की।

# पुलिस के खिलाफ हड़ताल पर उतरे प्रदेशभर के ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टर

## 2 परिवहन निरीक्षकों को थाने में बैठाने का विरोध, एस पी के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के दो इंस्पेक्टरों को साढ़े पांच घंटे तक थाने में बैठाने के मामले में परिवहन और पुलिस विभाग आमने-सामने हो गए हैं। धौलपुर एसपी के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदेशभर के ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टर (परिवहन निरीक्षक) मंगलवार से हड़ताल पर चले गए हैं। वहीं, डीजीपी के निर्देश पर मामले की जांच करने के लिए एडिशनल एसपी को धौलपुर भेजा है।

धौलपुर में यूपी बॉर्डर पर स्थित बरैठा चैक पोस्ट पर ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टर अनिल कुमार प्रसाद और शैलेंद्र वर्मा शनिवार रात को उत्तर प्रदेश की ओर से आ रहे ओवरलोड वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। रात 2 बजे सफेद रंग की बोलेरो उनके पास आकर रुकी, जिसमें से बाहर निकले एसपी सुमित मेहरड़ा ने दोनों इंस्पेक्टरों से अभद्रता करते हुए उन्हें पुलिस की गाड़ी में बैठा लिया। इसके बाद दोनों ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टर को मनियां थाने में बंद करने का आदेश देते हुए एसपी निकल गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने ट्रांसपोर्ट कमिश्नर शुचि त्यागी और भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश को मामले की सूचना दी। जिस पर उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद सुबह साढ़े 7 बजे दोनों ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टरों को छोड़ा गया। साढ़े 5 घंटे तक दोनों ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टरों को बेवजह थाने में बैठाया रखा गया, जिसको लेकर पुलिस और परिवहन विभाग में ठनी हुई है।



### हाईवे पर जाम देखकर भड़के एसपी

एसपी सुमित मेहरड़ा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट से प्रतिबंधित चंबल बजरी से भरे ट्रकों को पकड़ने के लिए उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर गए थे, जहां से लौटते समय उन्हें बरैठा चैक पोस्ट पर वाहनों का जाम मिला। जैसे ही एसपी गाड़ी से उतरे तो सड़क पर वर्दी में खड़े तीन लोग एसपी को देखकर भाग गए। इसके बाद एसपी मौके से दोनों ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टरों को अपने साथ लेकर गए, जहां थाने पर ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट का कैश और रिकॉर्ड मिलने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।



**सरकार को रोजाना 10 करोड़ का नुकसान :** एसपी सुमित मेहरड़ा और ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टरों के झगड़े का खामियाजा अब प्रदेश सरकार को उठाना पड़ रहा है। एसपी की ओर से की गई अभद्रता के बाद पूरे प्रदेश के सभी 171 उड़नदस्ते अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे प्रदेश सरकार को प्रतिदिन 10 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इंस्पेक्टरों की हड़ताल की वजह से हाईवे पर वाहनों की जांच, ड्राइविंग लाइसेंस, चालान और वाहन पंजीयन सहित अन्य काम प्रभावित हो रहे हैं। मंगलवार की देवनारायण जयंती होने के कारण असर नजर नहीं आया, लेकिन मामला नहीं सुलझा तो बुधवार को असर देखने का मिलेगा।

**सोमवार को काली पट्टी बांधकर जताया विरोध :** इससे पहले सोमवार को परिवहन निरीक्षक संघ के पदाधिकारियों ने अतिरिक्त आयुक्त रेनू खंडेलवाल और ओपी बुनकर से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। सोमवार को परिवहन निरीक्षकों ने प्रदेश में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन भी किया। इसके बाद सोमवार आधी रात से प्रदेशभर में निरीक्षक संघ ने हड़ताल शुरू कर दी है। प्रदेश के सभी 171 उड़नदस्तों के निरीक्षकों ने अपने वाहन ऑफिस में जमा करा दिए हैं। निरीक्षक संघ दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।

**ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टरों को अवैध तरीके से थाने में बैठाया :** संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि 2 फरवरी को हाईवे पर वाहनों की जांच कर रहे दो ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टरों को अवैध तरीके से थाने में बैठाकर वर्दी में निरीक्षकों के साथ पुलिस की ओर से दुर्व्यवहार किया गया। परिवहन विभाग प्रतिवर्ष सरकार को 8000 करोड़ रुपए का राजस्व देता है। पिछले वित्तीय वर्ष में 7 हजार करोड़ रुपए का राजस्व दिया गया था। परिवहन निरीक्षक संघ की हड़ताल से सरकार को प्रतिदिन 10 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

**10 महीने में रिकॉर्ड राजस्व को किया पूरा :** जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि धौलपुर परिवहन विभाग की टीम ने 10 महीने के राजस्व 76.91 करोड़ के मुकाबले 78 करोड़ का राजस्व बसूल कर लिया है, जबकि उन्हें फरवरी और मार्च में 75 करोड़ का राजस्व वसूलना है। उन्होंने बताया कि पुलिस की कार्रवाई की वजह से परिवहन निरीक्षक हड़ताल पर हैं। ऐसे में राजस्व वसूलने के लिए सिर्फ 54 दिन बचे हैं। जिसमें 75 करोड़ का राजस्व वसूला जाना है।

### आज रिपोर्ट देगी जांच टीम

पुलिस और परिवहन विभाग के मामले में जांच करने धौलपुर पहुंची टीम आज अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। डीजीपी के निर्देश पर मामले की जांच करने के लिए एडिशनल एसपी हरिराम कुमावत धौलपुर दौरे पर हैं। उन्होंने पिछले दो दिनों में परिवहन विभाग और पुलिस अधिकारियों के बयान लिए हैं। जिस मामले में सोमवार को भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश ने भी धौलपुर का दौरा किया था।

# जिला परिषद बना सर्वाधिक स्वच्छ और सुंदर कार्यालय, जीरो प्लास्टिक की पॉलिसी भी अपनाई

## हर विभाग के लिए प्रेरणा बना राजसमंद का जिला परिषद



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में शुरू किए गए माय ऑफिस क्लीन ऑफिस अभियान अंतर्गत जिला परिषद राजसमंद को जिला मुख्यालय स्थित सबसे स्वच्छ और सुंदर राजकीय कार्यालय घोषित किया गया है। जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा ने कहा है कि यह उपलब्धि एक टीम प्रयास का परिणाम है, जिसमें प्रत्येक कार्मिक की सक्रिय भागीदारी और जिला परिषद की सफाई रणनीतियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। 'माय ऑफिस, क्लीन ऑफिस' अभियान के तहत जिला कलक्टर के निर्देशन में गठित दल द्वारा जिला मुख्यालय स्थित राजकीय कार्यालयों का निरीक्षण कर स्वच्छता का आँकलन किया गया था जिसमें जिला परिषद सर्वाधिक स्वच्छ और सुंदर पाया गया। अभियान के बाद अन्य कार्यालयों में भी स्वच्छता की स्थिति पहले से काफी बेहतर पाई गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री बृजमोहन बैरवा ने कहा है कि स्वच्छता केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। एसीईओ डॉ सुमन अजमेरा ने बताया कि कार्यालय में स्वच्छता बनाए रखने के लिए कई रणनीतियाँ बनाई गई हैं और इनका पालन भी पूरी तरह से किया जा रहा है।

**दिन भर रहती है ग्रामीणों की आवाजाही :** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग अंतर्गत जिला परिषद एक महत्वपूर्ण इकाई है जहां जिलेभर की समस्त पंचायत समितियों तथा ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्रामीणों, किसानों, संगठनों आदि का नियमित रूप से आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में यहाँ कचरा या अन्य प्रकार की गंदगी फैलने की संभावना भी अधिक रहती है, बावजूद इसके यहाँ स्वच्छता की जो मिसाल कायम हुई है वह सराहनीय है। ज़िला परिषद ने न केवल कार्यालय की स्वच्छता को सुनिश्चित किया है, बल्कि यह संदेश भी दिया है कि स्वच्छता हमारे समाज के हर हिस्से में लागू होनी चाहिए। इस सफलता के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कार्यालय के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को बधाई दी है।

**जिला परिषद बना पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त :** इधर सीईओ बृजमोहन बैरवा की पहल से जिला परिषद जिले का पहला पूर्ण रूप प्लास्टिक मुक्त परिसर भी बना है। उनके द्वारा कार्यालय परिसर में प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। बैठकों और अन्य आयोजनों में भी प्लास्टिक की बोतलों के बजाय स्टील, ग्लास और मिट्टी की बोतलें उपयोग में ली जा रही है। प्लास्टिक फ़ाइल कवर भी नहीं खरीदने के निर्देश दिए गए हैं।

# 10 फरवरी को सभी स्कूलों में आयोजित होगा कैरियर मेला

## आयोजन की तैयारियों को लेकर हुई सीबीईओ कार्यालय में सभी संस्था प्रधानों की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कैरियर मेला का आयोजन 10 फरवरी को किया जाएगा। ऐसे में कैरियर मेला आयोजन की तैयारी को लेकर एक बैठक का आयोजन मंगलवार को शहर के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सीबीईओ कल्याण सिंह मीणा की अध्यक्षता में किया गया।

ब्लॉक शिक्षा विभाग के आर पी सुरेश भारद्वाज ने बताया कि कैरियर मेला का आयोजन पी ई ई ओ/यू सी ई ई ओ विद्यालयों के साथ-साथ पीएम श्री विद्यालयों में किया जाएगा। कैरियर मेला के दौरान किए जाने वाले कार्यों तथा आवश्यक दिशा निर्देशों को लेकर बताया गया कि कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी इस मेले में भाग लेंगे तथा रोजगार से संबंधित विभिन्न प्रकार की स्टाल कैरियर मेले में लगाई जाएगी तथा विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों को कैरियर मेला में बुलाकर विद्यार्थियों को कैरियर संबंधी जानकारी दी जाएगी। भारद्वाज ने बताया कि सरकार द्वारा कैरियर मेला को लेकर 15 हजार रुपये की राशि का वित्तीय प्रावधान किया गया है। इस राशि को विभिन्न मद में दिशा निर्देशानुसार खर्च किया जाएगा। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह मीणा ने संस्था प्रधानों को विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार अच्छी तरह से कैरियर मेला आयोजन के निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार कौशिक ने कहा कि प्रतिभावान विद्यार्थियों के साथ-साथ कमजोर विद्यार्थियों के कैरियर को लेकर के भी मेले में जानकारी दी जाए। जिससे प्रत्येक बच्चा भविष्य में रोजगार पा सके। बैठक में आरपी घनश्याम दास मीणा,यू सी ई ई ओ हरिओम सिंह सिकरवार,पी ई ई ओ रामनिवास मीणा,विष्णु कुमार शर्मा,विष्णु कुमार मीणा,द्वारका प्रसाद मीणा,ओमवती मीणा, रजनीश कुमार रावत,विजय राज लक्ष्मी,राजेंद्र सिंह बघेला,राजकुमार उपाध्याय,हरिभजन सिंह,रामदुलारे गोस्वामी,टीकम सिंह, मोहन सिंह मीणा सहित अन्य पी ई ई ओ एवं संस्था प्रधान उपस्थित थे।



# धौलपुर जिले की विज्ञान वर्ग मे टॉपर रही छात्रा शिवानी त्यागी का जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी ने समारोह में किया स्वागत

## केशव दास विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित हुआ छात्र छात्र सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** जिले के केशव दास उच्च माध्यमिक विद्या मन्दिर तोर में बुधवार को छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे धौलपुर जिला कलक्टर श्रीनिधि वी. टी. रहे वही कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुक्खो देवी रावत, एंवम अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी पप्पू सिंह सिकरवार रहे कार्यक्रम की शुरुआत जिला कलेक्टर ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वललित और माला अर्पित करते हुए की प्रतिभा सम्मान समारोह मे विज्ञान वर्ग मे जिला टॉपर रही छात्रा शिवानी त्यागी जिसने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले भर मे प्रथम स्थान प्राप्त किया था छात्रा के जिला टॉप करने पर जिला कलेक्टर ने स्कूल प्रबंधन की ओर दिए गए लेपटॉप और प्रशस्ति पत्र देकर छात्रा का सम्मान किया वहीं विज्ञान वर्ग मे ही जिले में तृतीय स्थान पर रही छात्रा अनामिका कुशवाह को 98.20प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर टेबलेट और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जिले की सूची मे पहले और तीसरे स्थान की छात्राओ के अलावा विधालय के अन्य 50 छात्र/छात्राओं को 90 प्रतिशत से अधिक अंक आने पर अन्य अतिथियों व विद्यालय परिवार द्वारा उत्साह वर्धन करते हुए सम्मानित किया गया



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे जिला कलक्टर श्रीनिधी बीटी ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र मे संचालित केशव दास विधा मंदिर मे स्कूल प्रबंधन और संस्था मे अध्ययन कराने वाले अध्यापको की लगन और कठिन परिश्रम के आलावा पढ़ाई के प्रति स्कूल के छात्रों मे जिस प्रकार की लगन है उसी का परिणाम है कि विधालय मे एक साथ इतनी बड़ी संख्या मे छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्त किये है विधालय के छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम मे मौजूद छात्र छात्राओं और उनके परिजनों से कहा कि अगर छात्रों के पढ़ने से संबंधित कोई समस्या हो तो वह बिना किसी संकोच के जिला प्रशासन या खुद जिला कलेक्टर से मिलकर मदद ले सकते हैं इस मौके पर स्कूल संचालक श्री भगवान त्यागी,दाताराम त्यागी,दाऊजी शर्मा, टीकाराम राजपूत, प्रमोद कुशवाह,संतोष राजपूत, हरिओम त्यागी, राहुल जादौन , कृष्णकांत मित्तल सुनीता त्यागी सहित बड़ी संख्या मे छात्र छात्रा मौजूद रहे

# गुर्जरों के आराध्य भगवान देवनारायण का मनाया गया जन्मोत्सव

## तुलसी वन रोड स्थित भगवान देवनारायण मंदिर पर हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** गुर्जरों के आराध्य भगवान देवनारायण का मंगलवार को शहर के तुलसी वन रोड़ स्थित देव नारायण मंदिर पर1113 वां जन्मोत्सव गुर्जर समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले भगवान देवनारायण की पूजा अर्चना की गई और जन्मदिवस की एक दूसरे को बधाई दी गई।

कार्यक्रम के दौरान भगवान देवनारायण विकास समिति के अध्यक्ष मास्टर भगवान सिंह ने बताया कि देवनारायण भगवान विष्णु के अवतार हैं। आज वे न केवल गुर्जरों की आराध्य हैं बल्कि सर्व समाज इन्हें अपना आराध्य देव मानता है। इनका जन्म स्थल मालासेरी डूंगरी भीलवाड़ा में स्थित है तथा इनके राजस्थान में दो बड़े मंदिर हैं। जो देव धाम जोधपुरिया टोंक एवं भीलवाड़ा में स्थित है।

इनका जन्म विक्रम संवत 1097 ई माघ शुक्ल सप्तमी को भीलवाड़ा जिले की नागवंशी गुर्जर परिवार मैं हुआ। इनकी माता का नाम साडू खटानी एवं पिता का नाम सवाई भोज महाराज था। जिस घोड़े पर वह सवारी करते थे उसका नाम लीलाधर था। भगवान देवनारायण विकास समिति के सभी सदस्यों एवं समाज के अनेकों प्रबुद्धजनों ने जयंती में भाग लिया।इस दौरान समिति अध्यक्ष मास्टर भगवान सिंह,रोशन सिंह,हरि सिंह गुर्जर,सरनाम सिंह गुर्जर,जगदीश गुर्जर,राममुकट गुर्जर,वीरेंद्र सिंह,बीरो गुर्जर,पीतम सिंह,लल्ला सरपंच, कप्तान सिंह,रामनरेश, किशन सिंह,भगवत सिंह,प्रमोद पोसवाल,भैरो सिंह गुर्जर,ओमवीर गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से की शिष्टाचार भेंट

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक प्रस्तुत किए गए विकसित भारत बजट 2025 पर केंद्रीय वित्त मंत्री को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने इस बजट के महत्व और इसके माध्यम से भारतीय अर्थव्यवस्था की दिशा को और सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी की नीतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के समग्र विकास के दृष्टिकोण से ऐतिहासिक महत्व का है और इससे समृद्ध और समावेशी भारत की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। इस बैठक में सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने केंद्रीय वित्त मंत्री को राज्य और केंद्र के विकास कार्यों के बारे में भी अवगत कराया और उनसे राजसमंद क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सहयोग की अपील की।



# गोदाम में रखे ट्रैक्टर को ट्रॉली सहित चुरा ले गए चोर,पुलिस जुटी तलाश में

## नहीं थम रही शहर में चोरी की घटना,चोर बेलगाम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला शहर के बसेड़ी रोड का है। जहां राना खां एरिया में स्थित पीड़ित के गोदाम में से चोर ट्रैक्टर को ट्रॉली सहित चुरा कर ले गए हैं। घटना को लेकर पीड़ित व्यापारी द्वारा कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी गई है। अब पुलिस चोरी गए ट्रैक्टर की तलाश मे जुटी है।

शहर की अवस्थी कॉलोनी निवासी पीड़ित व्यापारी संजय गर्ग पुत्र जगदीश प्रसाद गर्ग ने बताया कि बसेड़ी रोड पर उनकी बिल्डिंग मटेरियल की दुकान है। जिसके समान को लाने ले जाने और उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए उन्होंने एक ट्रैक्टर खरीद रखा है। जिसका नंबर आरजे 11 आरबी 6419 मेसी ष्ठ 1 41 है। उक्त ट्रैक्टर को उनका ड्राइवर नरपत मीना चलाता है। यह ट्रैक्टर उनके राणा खां स्थित निजी गोदाम पर खड़ा होता है। 2 फरवरी रविवार की शाम को उनका ड्राइवर ट्रैक्टर को गोदाम में खड़ा करके आया था और घर चला गया था। रात में उन्होंने गोदाम को बंद कराया और अपने घर चले गए। सोमवार को सुबह जब गोदाम खोला तो ट्रैक्टर गोदाम में मौजूद नहीं था।

इस पर उन्होंने ड्राइवर को बुलाया पूरे मामले की जानकारी ली। आसपास भी ट्रैक्टर की तलाश की। पूरा दिन ट्रैक्टर की खोज की गई लेकिन कहीं सुराग नहीं मिलने पर आज कोतवाली थाने में ट्रैक्टर मय ट्रोली चोरी की घटना को लेकर रिपोर्ट दी है।

# उर्मिला @ 51

## डायरेक्टर की पत्नी ने इन्हें थप्पड़ मारा था

### पीएम मोदी पर ले चुकीं चुटकी चुनाव भी लड़ा, जमानत जब्त होते-होते बची



90 के दशक की सफल एक्ट्रेस रहीं उर्मिला मातोंडकर आज 51 साल की हो गई हैं। उर्मिला ने तीन साल की उम्र में 1977 में फिल्म 'कर्म' से बाल कलाकार के तौर पर डेब्यू किया था। उन्होंने लीड एक्ट्रेस तौर पर मलयालम फिल्म 'चाणक्यन' की। हिंदी सिनेमा में उनकी पहली फिल्म 1991 में रिलीज हुई 'नरसिम्हा' थी, लेकिन उन्हें पहचान राम गोपाल वर्मा की फिल्म 'रंगीला' से मिली।

इस फिल्म से एक्ट्रेस बॉलीवुड में छा गईं। उर्मिला ने रामू के साथ 13 फिल्में की हैं। बताया जाता है कि रामगोपाल वर्मा के साथ काम करने के कारण उर्मिला दूसरे डायरेक्टर्स के साथ काम करने से मना कर दिया करती थीं।

उर्मिला के करियर की यह सबसे बड़ी गलती थी। एक समय ऐसा भी आया जब राम गोपाल वर्मा ने उर्मिला को लेकर फिल्में बनानी बंद कर दीं। कुछ समय बाद उर्मिला इंडस्ट्री से गायब हो गईं। फिल्मों से दूर होने के बाद 2016 में 42 साल की उम्र में उर्मिला ने कश्मीरी मॉडल और बिजनेसमैन मोहसिन अख्तर मीर से शादी कर ली। हालांकि अब वो तलाक लेने जा रही हैं। उन्होंने कोर्ट में तलाक की अर्जी दाखिल की है। उर्मिला मातोंडकर ने 2019 के लोकसभा चुनाव में राजनीति में कदम रखा। उन्होंने उस वक्त कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ा, लेकिन वो बुरी तरह से हार गईं। फिलहाल, उर्मिला ने उद्धव ठाकरे की शिवसेना का दामन थामा हुआ है। जल्द ही उर्मिला वेब सीरीज 'तिवारी' में नजर आएगी।

#### गुस्से में आकर उर्मिला को थप्पड़ तक जड़ दिया था

उर्मिला मातोंडकर और राम गोपाल वर्मा के अफेयर के चर्चे उन दिनों बॉलीवुड के गलियारे में खूब सुर्खियों में थे। बताया जाता है कि रामू की पत्नी रत्ना को इस अफेयर की भनक लग गई थी। ऑफिस में उर्मिला मातोंडकर की तस्वीरों से सजे खास कमरे को देखकर उनका पारा और हाई हो गया। एक दिन वो शूटिंग पर पहुंच गईं और सबके सामने उर्मिला मातोंडकर को चांटा जड़ दिया। इस चांटे की गूंज पूरे बॉलीवुड में गूंजी, जिसका असर उर्मिला मातोंडकर के करियर पर भी पड़ा।

#### इस वजह से करियर हुआ बर्बाद

बताया जाता है कि उस घटना के कुछ समय बाद राम गोपाल वर्मा और उनकी पत्नी के बीच तलाक हो गया। वहीं, उर्मिला मातोंडकर ने भी करियर बचाने के लिए इस रिश्ते को खत्म कर दिया। एक समय आया था जब राम गोपाल वर्मा ने भी उर्मिला को लेकर फिल्में बनानी बंद कर दी थीं। जब उर्मिला ने काम के लिए दूसरे डायरेक्टर्स से संपर्क करना शुरू किया तो उन्होंने उर्मिला को काम नहीं दिया। ये वही डायरेक्टर्स थे जिनकी फिल्मों के लिए उर्मिला ने पहले मना किया था। चूंकि बॉलीवुड में रामगोपाल वर्मा की कई लोगों के साथ पटती नहीं थी, इस वजह से कई डायरेक्टर्स ने उर्मिला को फिल्मों में लेना ही बंद कर दिया। धीरे-धीरे उर्मिला को फिल्में मिलनी भी बंद हो गईं और उनका करियर बर्बाद हो गया।

#### फिल्मों से दूर होने के बाद 42 साल की उम्र में की शादी

90 के दशक की सफल एक्ट्रेस रहीं उर्मिला ने फिल्मों से दूर होने के बाद कश्मीरी मॉडल और बिजनेसमैन मोहसिन अख्तर मीर से 4 फरवरी 2016 को शादी की थी। दोनों की मुलाकात डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के जरिए हुई थी। मोहसिन अख्तर मीर और उर्मिला की उम्र में 10 साल का अंतर है। मोहसिन ने सबसे पहले एक ऐड कॉमर्शियल में प्रीति जिंटा के साथ काम किया था। इसके बाद साल 2009 में उन्होंने फिल्म इट्स ए मैन्स वर्ल्ड से अपना एक्टिंग डेब्यू किया। उन्होंने जोया अख्तर की फिल्म लक बाय चांस में भी छोटा रोल किया था। इसके अलावा उन्होंने ब्र्. पास समेत कुछ और दूसरी फिल्मों में भी छोटे-मोटे रोल निभाए हैं।

#### अब तलाक लेने जा रही हैं

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उर्मिला मातोंडकर ने अब अपनी शादी को खत्म करने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स में सूत्र के हवाले से बताया गया है कि वह अपने पति मोहसिन अख्तर मीर से तलाक लेने जा रही हैं। उर्मिला ने कोर्ट में तलाक की अर्जी दाखिल की है।

#### तीन साल की उम्र में किया डेब्यू

उर्मिला मातोंडकर ने बीआर चोपड़ा के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'कर्म' से अपने करियर की शुरुआत की थी। उस समय उर्मिला तीन साल की थीं। पहली ही फिल्म में उन्हें राजेश खन्ना, विद्या सिन्हा और शबाना आजमी के साथ काम करने का मौका मिला था। यह फिल्म सिनेमाघरों में 50 हफ्ते तक चली थी।

#### 'मासूम' से मिली पहचान

'कर्म' के बाद उर्मिला ने मराठी फिल्म 'जाकोल' और 'कलयुग' में काम किया। उन्हें बाल कलाकार के तौर पर पहचान शेखर कपूर की फिल्म 'मासूम' (1983) से मिली। उर्मिला मातोंडकर हिन्दी के अलावा मराठी, तेलुगु, तमिल और मलयालम भाषा की फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उन्हें सही मायने में पहचान राम गोपाल वर्मा की फिल्म 'रंगीला' से मिली। इस फिल्म को सात फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले थे।

#### 'रंगीला' के बाद रातोंरात स्टार बनीं

उर्मिला के करियर के लिए 'रंगीला' मील का पत्थर साबित हुई। इस फिल्म के रिलीज के बाद उर्मिला बॉलीवुड में रंगीला गर्ल के नाम से मशहूर हो गईं। रंगीला के बाद उर्मिला के पास फिल्मों की लाइन लग गई थी। अपने फिल्मी करियर में उर्मिला ने राम गोपाल वर्मा की 13 फिल्मों में काम किया।

#### दूसरे डायरेक्टर्स के साथ काम करने से मना कर दिया

बताया जाता है कि राम गोपाल वर्मा के प्यार में डूबीं उर्मिला सिर्फ इन्हीं की फिल्मों में काम करने लगी थीं। उन्होंने दूसरे डायरेक्टर्स के साथ काम करने से मना कर दिया था। राम गोपाल वर्मा भी उन्हें अपनी सारी फिल्मों में कास्ट करते थे। यहां तक कि उन्होंने अपनी एक फिल्म से माधुरी दीक्षित को हटाकर उर्मिला को कास्ट किया था।

#### रामू ने अपने ऑफिस का नाम उर्मिला मातोंडकर रख दिया था

राम गोपाल वर्मा ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने अपने ऑफिस के एक कमरे का नाम उर्मिला मातोंडकर रखा था। उस कमरे में सिर्फ उर्मिला की ही फोटो लगी थीं।

#### वेब सीरीज के जरिए वापसी

उर्मिला मातोंडकर वेब सीरीज तिवारी के साथ अपना डिजिटल डेब्यू कर रही हैं। इसकी कहानी एक छोटे शहर के प्?लॉट पर है। कहानी के केंद्र में मां-बेटी का इमोशनल रिश्?ता है। इस सीरीज को सौरभ वर्मा डायरेक्?ट कर रहे हैं। डॉ. राजकिशोर खवारे और उत्पल आचार्य इसके प्रोड्यूसर हैं। यह सीरीज अभी प्री-प्रोडक्शन के फेज में है।
मेकर्स ने इस सीरीज का पोस्टर लॉन्च किया था, जिसमें उर्मिला का लुक काफी खतरनाक दिख रहा था। यह सीरीज कब रिलीज होगी, इसकी डेट्स का खुलासा अभी तक नहीं हुआ है।

#### पीएम मोदी का उड़ाया था मजाक

2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान उर्मिला मातोंडकर ने पीएम मोदी की बायोपिक फिल्म 'पीएम नरेंद्र मोदी' पर हमला बोला था। उन्होंने पीएम मोदी के जीवन पर बनी फिल्म को मजाक बताया था। उर्मिला ने चुटकी लेते हुए कहा था- उन पर और उनके अधूरे वादों पर तो कॉमेडी फिल्म बननी चाहिए थी, क्योंकि उन्होंने अपना कोई वादा पूरा नहीं किया।

#### राजनीति में रखा कदम

उर्मिला मातोंडकर ने 2019 के लोकसभा चुनाव में राजनीति के क्षेत्र में कदम रखा और कांग्रेस में शामिल हुईं। उन्होंने मुंबई नॉर्थ सीट से चुनाव भी लड़ा, लेकिन वह हार गईं। उर्मिला ने कुछ समय बाद ही कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी का आरोप लगाते हुए इस्तीफा दे दिया। अब वह उद्धव ठाकरे की शिवसेना में शामिल हो गई हैं।

## फिल्म हेरा फेरी 3 में तब्बू की एंट्री!

### एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर दिया हिंट, बोलीं- मेरे बिना कास्ट अधूरी है



फिल्म हेरा फेरी 3 में तब्बू भी नजर आ सकती हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि उनके बिना तो कास्ट अधूरी है। अब तब्बू की इस पोस्ट को देखकर फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि एक्ट्रेस भी हेरा फेरी 3 का हिस्सा होंगी और इसके जरिए उन्होंने एक हिंट भी दिया है।

दरअसल, तब्बू ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की, जिसमें अक्षय कुमार और डायरेक्टर प्रियदर्शन नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मेरा बिना कास्ट पूरी हो जाए, ऐसा तो हो ही नहीं सकता है। साथ ही उन्होंने डायरेक्टर प्रियदर्शन को भी टैग किया है।

तब्बू की इस पोस्ट के बाद फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि शायद 'हेरा फेरी 3' में सारे पुराने स्टार्स का री-यूनियन हो सकता है।

#### 'हेरा फेरी 1' में नजर आई थीं तब्बू

'हेरा फेरी' के पहले पार्ट में तब्बू नजर आई थीं। इसमें उन्होंने सुनील शेट्टी की गर्लफ्रेंड की भूमिका निभाई थी। ये फिल्म 2000 में रिलीज हुई थी और इसे प्रियदर्शन ने ही डायरेक्ट किया था।

इसके बाद साल 2006 में इस फिल्म का दूसरा पार्ट आया, जिसे नीरज वोरा ने डायरेक्ट किया था। हालांकि इस फिल्म में तब्बू नजर नहीं आई थीं।

#### साल 2026 में रिलीज होगी हेरा फेरी 3

हाल ही में डायरेक्टर प्रियदर्शन ने अपने जन्मदिन पर फिल्म हेरा फेरी 3 का ऐलान किया था। अपने एक पोस्ट में उन्होंने परेश रावल, अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी को टैग किया था। बताया जा रहा है कि इसी साल फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली जाएगी, जबकि इसे साल 2026 में रिलीज करने की तैयारी है। हालांकि, इस बारे में अब तक कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

## सोनू निगम ने की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात

### एक दिन पहले कॉन्सर्ट में बिगड़ी थी तबीयत, रिकवरी होते ही राष्ट्रपति भवन दिवस में दी परफॉर्मेंस



सिंगर सोनू निगम ने सोमवार, 3 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति भवन के ओपन थिएटर के उद्घाटन में परफॉर्मेंस भी दी। इसके ठीक एक दिन पहले ही सोनू निगम की पुणे के एक कॉन्सर्ट के दौरान तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

#### राष्ट्रपति कार्यालय ने शेयर की कार्यक्रम की तस्वीरें

राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से एक पोस्ट एक्स पर शेयर किया गया है, जिसमें लिखा गया, प्रसिद्ध सिंगर और म्यूजिक डायरेक्टर सोनू निगम ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति भवन दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में नवनिर्मित ओपन एयर थिएटर में परफॉर्म भी किया।

#### कॉन्सर्ट के दौरान उठा था पीठ में दर्द

दरअसल, सोनू निगम अपने इंस्टाग्राम पर सोमवार को एक वीडियो शेयर की थी, जिसमें वह बेड पर लेटे हुए नजर आ रहे था। उन्होंने कहा, 'ये मेरी जिंदगी का सबसे कठिन दिन रहा, लेकिन संतुष्टि भरा रहा। मैं गा रहा था और साथ ही हिल रहा था, जिस कारण मेरी पीठ में ऐंठन शुरू हो गई। लेकिन इसके बाद भी मैंने इसे किसी तरह से खुद को संभाला, क्योंकि मैं लोगों की उम्मीद नहीं तोड़ना चाहता था। इसलिए मैंने अपना कॉन्सर्ट पूरा किया। मुझे खुशी है कि सब ठीक रहा।

#### सिंगिंग के लिए जीत चुके हैं ढेरों अवॉर्ड्स

स्टेज सिंगर के तौर पर करियर शुरू करने वाले सोनू निगम को 'मॉर्डन रफी' का तमगा हासिल है। अपने करियर में उन्होंने 32 से ज्यादा भाषाओं में लगभग 6 हजार गाने गए हैं। उनकी शानदार गायकी के लिए उन्हें नेशनल अवॉर्ड, फिल्म फेयर अवॉर्ड समेत कई और भी अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया है। साल 2022 में सोनू निगम को पद्म श्री सम्मान मिल चुका है।

## बॉक्स ऑफिस पर कारगर साबित नहीं हुई देवा : 4 दिनों में 21 करोड़ ही कमा सकी शाहिद कपूर की फिल्म, स्काई फोर्स की कमाई में भी आई गिरावट

शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े स्टारर फिल्म देवा 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म ने 4 दिनों में 21 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। रिलीज के चौथे दिन फिल्म महज 2.25 लाख रुपए कलेक्शन करके सिमट गई। वहीं दूसरी तरफ अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स ने रिलीज के 11वें दिन 1.35 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।

बॉक्स ऑफिस ट्रेकर वेबसाइट sacnilk की रिपोर्ट के अनुसार, शाहिद कपूर की फिल्म देवा ने चौथे दिन 2 करोड़ 25 लाख रुपए कमाए। इसके साथ फिल्म का कुल इंडियन कलेक्शन 21.35 करोड़ हो चुका है।

#### देवा फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

**पहले दिन की कमाई- 5.5 करोड़**
**दूसरे दिन की कमाई- 6.4 करोड़**
**तीसरे दिन की कमाई- 7.25 करोड़**
**चौथे दिन की कमाई- 2.55 करोड़**

#### वीकेंड में देवा की कमाई में आया था उछाल

फिल्म देवा ने 5 .5 करोड़ रुपए की ओपनिंग की थी और पहले रविवार को 7 .25 करोड़ का कलेक्शन किया था। हालांकि सोमवार को कमाई में भारी गिरावट देखने मिली है। इस फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपए है। ऐसे में पहले वीकेंड के बाद कमाई में कमी होने पर फिल्म का बजट निकाल पाना भी मुश्किल लग रहा है। अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया स्टारर फिल्म स्काई फोर्स 24 जनवरी को रिलीज हुई है। इस फिल्म ने रिलीज के 11वें दिन 1 .35 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। इसी के साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 101 .35 करोड़ रुपए हो चुका है। दूसरे वीकेंड में फिल्म ने डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस में 100 करोड़ क्लब में जगह बनाई थी।

## समय रैना के 'इंडियाज गॉट लेटेंट' पर विवाद

### शो की कंटेस्टेंट ने कहा था- अरुणाचल के लोग खाते हैं डॉग मीट, एफआईआर दर्ज

स्टैंड अप कॉमेडियन समय रैना का कॉमेडी शो 'इंडिया गॉट लेटेंट' कानूनी पचड़े में फंसते दिख रहा है। शो की एक कंटेस्टेंट के आपत्तिजनक कमेंट को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। 'इंडिया गॉट लटेंट' पॉपुलर शो है, जो कि यूट्यूब पर स्ट्रीम होता है।

#### अरुणाचल के लोग खाते हैं डॉग मीट

दरअसल, इस शो में अरुणाचल प्रदेश की रहने वाली जेसी नबाम ने अपने राज्य के खाने पर टिप्पणी की थी। 'मेंबर ओनली' एपिसोड के दौरान, समय रैना ने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने कभी कुत्ते का मीट खाया है। जेसी इस सवाल का जवाब देते हुए कहती हैं कि अरुणाचल प्रदेश के लोग कुत्ते का मीट खाते हैं, लेकिन मैंने कभी इसका स्वाद नहीं चखा है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए जेसी कहती हैं कि मुझे पता है क्योंकि मेरे दोस्त खाते हैं। वे कभी-कभी अपने पालतू जानवरों को भी खा जाते हैं। ये सुनकर समय हैरान होते हैं, वहीं शो के दूसरे जज बलराज कहते हैं कि आप ये सिर्फ कहने के लिए बोल रही हैं। फिर जेसी कहती हैं कि वो जो भी कह रही हैं सच है।

#### एफआईआर में तुरंत एक्शन लेने की मांग

सोशल मीडिया पर वायरल एफआईआर की कॉपी से पता चल रहा है कि मामला 31 जनवरी को दर्ज हुआ है। शिकायत अरुणाचाल प्रदेश के पूर्वी कामेंग जिले के रहने वाले अरमान राम वेली बखा ने किया है। एफआईआर में ईटानगर पुलिस स्टेशन के इंचार्ज को एड्रेस किया गया है। एफआईआर में कहा गया कि जेसी ने अरुणाचल प्रदेश के लोगों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इस मामले में तुरंत एक्शन लिया जाए ताकि आगे से कोई भी जेसी की तरह हरकत ना करे।



#### शो के एपिसोड पर औसतन व्यूज 20 मिलियन

समय रैना का ये शो अपनी डार्क कॉमेडी की वजह से सुर्खियों में रहता है। यूट्यूब पर शो के हर एपिसोड पर औसतन व्यूज 20 मिलियन से ज्यादा है। समय और बलराज घई को छोड़कर इस शो के हर एपिसोड में जज बदलते रहते हैं। हर एपिसोड में नए कंटेस्टेंट को परफॉर्म करने का मौका मिलता है। कंटेस्टेंट को अपना टैलेंट दिखाने के लिए 90 सेकेंड दिया जाता है। ये शो अपनी डार्क कॉमेडी, कंटेस्टेंट और जज की हरकतों की वजह से वायरल रहता है।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# देवनानी बोले- टीचर रहा हूं, अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं करूंगा

## स्पीकर ने कहा- धर्मान्तरण विरोधी बिल आज की आवश्यकता, महिला-हत्या होना चिंता की बात



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी ने धर्मांतरण विरोधी बिल पर कहा- मेरी व्यक्तिगत सोच है कि यह आज के समय की जरूरत है। राज्य में लव जिहाद जैसी जो घटनाएं बढ़ रही है उस पर अंकुश लगेगा। महिलाओं की हत्या तक हो जाती है यह चिंता की बात है। यदि कोई नियमों से ऐसा करता है तो उसे 60 दिन में कलेक्टर को सूचना देनी होगी। वहीं देवनानी ने विधानसभा में अनुशासनहीनता के मुद्दे पर कहा कि मैं टीचर रहा हूं किसी को अनुशासनहीनता नहीं करने दूंगा। मैंने सबको कहा कि उनको मुददा उठाने का पूरा मौका दूंगा। वे अपनी बात रखें और उनका अधिकार भी है, पर नियमों से चलें ताकि सार्थक बहस होगी।

बता दें कि सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने सदन में अपशब्द कहे थे। विपक्ष ने हंगामा किया तो उन्हें माफी मांगनी पड़ी थी। स्पीकर देवनानी ने मंगलवार को उदयपुर के दौरे पर थे इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में मीडिया से चर्चा की।

### बोले- इस बार संभावना है कि बिल पास हो जाएगा

स्पीकर ने विधानसभा में पेश हुए धर्मांतरण बिल पर कहा कि यह बिल पहले भी तीन बार आ चुका है। एक बार कांग्रेस सरकार में तो एक वसुंधरा राजे के समय लेकिन, कुछ कमियों के कारण आगे नहीं बढ़ पाया। पहले कभी विधानसभा में पास हुआ तो राज्यपाल के यहां रुक गया, राज्यपाल ने भेजा तो केंद्र से नहीं आया। देवनानी ने कहा- दोनों जगह अलग-अलग सरकार थी। इस बार केंद्र और राज्य में एक ही सरकार है इससे संभावना बनती है कि बिल पास हो जाएगा।

### कलेक्टर को सूचना देनी होगी

उन्होंने कहा- प्रलोभन या अन्य माध्यम से धर्म परिवर्तन कराना गलत है। इस बिल में कई प्रावधान है। महिला की सुरक्षा का भाव बढ़ेगा। बिल में कुछ प्रावधान आज की आवश्यकता के अनुरूप हैं। जिनसे इस प्रकार की घटनाएं रुकेगी। आदिवासी क्षेत्र और गरीब इलाकों में इस प्रकार की चीजे बढ़ रही है उस पर रोक लगेगी। लव जिहाद जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं, इसमें नारी की हत्या तक हो रही है। यदि कोई नियमों के साथ धर्म बदलता है तो 60 दिन में कलेक्टर को सूचना भी देनी होगी।

### कहा- अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं करुंगा

स्पीकर ने कहा- पिछले सत्र में भी कोटा से आने वाले शांति धारीवाल ने बहुत अधिक कह दिया। बाद में उनको महसूस हुआ तो क्षमा मांगी। एक दिन पहले संसदीय मंत्री ने जो शब्द बोल दिए वह गाली के तुल्य असंसदीय था। उस पर उन्होंने भी क्षमा मांगी है। यह सब पर नियम एक लागू होगा कि वे अनुशासन और मर्यादा का पालन करें। वे बोले कि सत्र परम्पराओं और नियमों के अनुसार चलाएंगे। मैं टीचर रहा हूं अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं करुंगा। बता दें कि 1 दिन पहले सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान पहले ही सवाल में हुई नोकझोंक के दौरान कानून और संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने सदन में अपशब्द कहे थे। जोगाराम पटेल ने नेता प्रतिपक्ष के बोलने पर उन्हें इंगित करके अमर्यादित भाषा का उपयोग किया था। प्रश्नकाल में हुई इस घटना पर उस वक्त किसी का ध्यान नहीं गया। लंच के बाद सदन की कार्यवाही शुरू होने पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई। जोगाराम पटेल के माफी मांगने पर मामला शांत हुआ।

# सुप्रीम कोर्ट ने यूएपीए पर सुनवाई से इनकार किया

## कहा- इसके लिए हम पहले उदाहरण नहीं हो सकते, दिल्ली हाईकोर्ट सुनवाई करे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को यूएपीए प्रावधानों में संशोधन के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। सीजेआई संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने दिल्ली हाईकोर्ट से मामले की सुनवाई करने को कहा है। बेंच ने कहा- सुनवाई के लिए हम पहले कोर्ट (उदाहरण) नहीं हो सकते हैं। कई परेशानियां सामने आती हैं। कभी-कभी मुद्दे आपके पक्ष (याचिकाकर्ता) द्वारा छोड़े जाते हैं, कभी-कभी उनके पक्ष (संघ) द्वारा छोड़े जाते हैं। फिर हमें बड़ी बेंच को रेफर करना पड़ता है। पहले हाईकोर्ट इस पर निर्णय ले। सुप्रीम कोर्ट ने 6 सितंबर 2019 को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम में 2019 के संशोधन की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र को नोटिस जारी किया था। पीठ ने कहा था देश के दूसरे हाईकोर्ट भी यूएपीए संशोधनों के खिलाफ नई याचिकाओं की जांच कर सकते हैं।

अदालत ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स के सजल जैन और अमिताभ पांडे की दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। दरअसल, यूएपीए के प्रावधानों में संशोधन के तहत राज्य सरकार को किसी भी व्यक्ति को आतंकवादी घोषित करने और उसकी संपत्ति जब्त करने का अधिकार दिया गया है।

# महाराष्ट्र के सरकारी दफ्तरों में मराठी अनिवार्य

## नोटिस और निर्देश भी इसी भाषा में होंगे, उल्लंघन करने वालों पर एक्शन होगा

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र सरकार ने गवर्नमेंट और सेमी-गवर्नमेंट ऑफिसों में हर तरह के संवाद के लिए मराठी को अनिवार्य कर दिया है। आदेश के मुताबिक सभी नगरीय निकायों, सरकारी निगमों और सहायता प्राप्त संस्थानों में भी मराठी का इस्तेमाल जरूरी होगा। यह नियम पूरे राज्य में निर्देश बोर्ड और डॉक्यूमेंटेशन पर भी लागू किया गया है।

राज्य के योजना विभाग ने 3 फरवरी को नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें कहा गया है कि अगर कोई अधिकारी इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। सरकार की मराठी भाषा नीति को पिछले साल मंजूरी मिली थी। इस नीति का उद्देश्य भाषा का संरक्षण, प्रचार और विकास करना है, ताकि मराठी का उपयोग सरकारी कामकाज में बढ़ाया जा सके।

# नरेश मीणा की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** देवली-उनियारा उप चुनाव के दौरान एसडीएम को थप्पड़ मारने के मामले में मंगलवार को नरेश मीणा की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई टल गई। जस्टिस प्रवीर भटनागर की कोर्ट में जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि पुलिस इस मामले में 11 फरवरी को चालान पेश करेगी। इस पर कोर्ट ने जमानत याचिका पर सुनवाई 12 फरवरी तक टाल दी। एसडीएम को थप्पड़ मारने और समरावता हिंसा प्रकरण में नरेश मीणा 14 नवंबर से हिरासत में है। समरावता हिंसा प्रकरण में पुलिस पहले ही चालान पेश कर चुकी है।

# यमुना में जहर वाले बयान पर केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** यमुना में जहर वाले बयान पर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ हरियाणा में एफआईआर दर्ज की गई। यह मुकदमा कुरुक्षेत्र के लोकल कोर्ट के शाहबाद पुलिस थाने में दर्ज किया गया है। 27 जनवरी को केजरीवाल ने यमुना के पानी को जहरीला करने का आरोप लगाया था। केजरीवाल ने कहा था कि दिल्ली के लोगों को पीने के लिए पानी हरियाणा और उत्तर प्रदेश से मिलता है। भाजपा की हरियाणा सरकार ने यमुना के पानी को जहरीला कर दिया है।

इससे पहले 29 जनवरी को सोनीपत कोर्ट ने भी केजरीवाल को इस मामले में नोटिस भेजा था। हरियाणा सिंचाई विभाग के एक अधिकारी ने सोनीपत सीजेएम नेहा गोयल की कोर्ट में शिकायत दायर की थी। केजरीवाल ने कहा था- दिल्ली के लोगों को पीने के लिए पानी हरियाणा और उत्तर प्रदेश से मिलता है। यमुना में हरियाणा से पानी दिल्ली में आता है।

# योगी और भूटान नरेश ने संगम में डुबकी लगाई

## गंगा पूजन के बाद अक्षयवट का दर्शन किया



बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** सीएम योगी और भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने संगम में डुबकी लगाई है। गंगा पूजन और आरती की। इसके बाद अक्षयवट धाम और लेटे हनुमान में दर्शन-पूजन किया।

योगी और भूटान नरेश के साथ लखनऊ से विमान से बमरौली एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग से महाकुंभ आए। अरैल घाट से बोट में सवार होकर संगम गए और स्नान किया। इस दौरान भूटान नरेश ने योगी के साथ पक्षियों को दाना खिलाया और फोटो भी खिंचवाई। योगी के दौरे को देखते हुए लेटे हनुमान मंदिर और अक्षयवट श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया गया है। शाम 4 बजे के बाद खोला जाएगा। 5 फरवरी को पीएम मोदी महाकुंभ आ रहे हैं, ऐसे में योगी हेलीपैड से लेकर अरैल घाट और संगम नोज तक की व्यवस्था को भी देखेंगे। महाकुंभ का आज 23वां दिन है। सरकार के मुताबिक, अब तक 37.54 करोड़ लोग डुबकी लगा चुके हैं। 4 बजे तक 66.70 लाख श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। कल यानी वसंत पंचमी पर 2.33 करोड़ लोगों ने स्नान किया। इधर, 29 जनवरी को हुई भगदड़ से संबंधित अफवाह फैलाने के आरोप में प्रयागराज पुलिस ने 8 लोगों पर केस दर्ज किया गया। इन्होंने अपने ट्वीटर अकाउंट और इंस्टाग्राम आईडी से वीडियो-फोटो अपलोड किए थे।

# कूनो में चीता वीरा ने दो शावकों को जन्म दिया



## देश में जन्मे चीते मौजूदा अफ्रीकी चीतों से ज्यादा; 14 शावक-12 युवा समेत 26 हुए

बढ़ता राजस्थान

**शिवपुरी/भोपाल ( एजेंसी )।** श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में मंगलवार को 2 नए चीता शावकों की किलकारी गूंजी है। मादा चीता वीरा ने 2 नन्हें शावकों को जन्म दिया है। इस तरह कूनो में अब 14 शावकों और 12 वयस्क चीतों के साथ कुल संख्या 26 हो गई है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने चीतों की धरती में 2 नए चीतों के आगमन पर खुशी जताते हुए अधिकारियों, चिकित्सकों और फील्ड स्टाफ को इन पर नजर रखने के लिए कहा है।

**सीएम मोहन यादव ने ट्वीटर पर साझा की फोटो-** सीएम मोहन यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्वीटर पर दोनों शावकों की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है- नन्हे चीतों की किलकारी से फिर गूंजा कूनो। मध्यप्रदेश की जंगल बुक में 2 चीता शावकों की दस्तक। सीएम ने लिखा- मुझे ये जानकारी साझा करते हुए काफी खुशी हो रही है कि मध्यप्रदेश की धरती पर चीतों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

आज मादा चीता वीरा ने 2 नन्हे शावकों को जन्म दिया है। मध्यप्रदेश की धरती पर चीता शावकों का स्वागत है। प्रदेशवासियों को इन नन्हे शावकों के आगमन पर हार्दिक बधाई देता हूं। सीएम यादव ने प्रोजेक्ट से जुड़े सभी अधिकारियों, चिकित्सकों और फील्ड स्टाफ को बधाई दी।

उन्होंने लिखा- इनके अथक परिश्रम के परिणामस्वरूप आज मध्यप्रदेश को चीतों की धरती के नाम से भी जाना जाता है। चीतों का कुनबा निरंतर बढ़ने से प्रदेश के पर्यटन को नई उड़ान मिल रही है, जिससे रोजगार के नये द्वार खुल रहे हैं।

# जयपुर सहित 6 जिलों में सुबह-सुबह हल्की बारिश

## देर रात उदयपुर, अजमेर, सिरोही, सवाई माधोपुर में भी बूंदाबांदी, आज से बढ़ेगी सर्दी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** जयपुर सहित 6 जिलों (टोंक, सवाई माधोपुर, सीकर, दौसा, भरतपुर) में मंगलवार सुबह-सुबह हल्की बारिश हुई। बादल छाए हुए हैं और ठंडी हवा चल रही है। इससे पहले पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने के साथ कल (सोमवार) देर रात राजस्थान के कुछ जिलों में मौसम बदला और बादल छाने के साथ बूंदाबांदी हुई। इसमें जयपुर, अजमेर, सिरोही, उदयपुर, राजसमंद, सवाई माधोपुर, टोंक, पाली, जालोर समेत कई जिले शामिल हैं।

देर शाम उदयपुर, कोटा, जयपुर, जोधपुर और अजमेर संभाग के जिलों में बादल छाए थे। मौसम विभाग ने आज (मंगलवार) भी राजस्थान के पूर्वी जिलों में बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना जताई है।

इससे पहले जयपुर में कल दिनभर आसमान साफ रहा और धूप रही। कल सबसे अधिक तापमान डूंगरपुर में 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# करनाल में ईडी ने कुर्क की 50 करोड़ की प्रॉपर्टी

## फर्जी दस्तावेज बनाकर लिया लोन, गुरुग्राम के दो फ्लैट कब्जे लिए, बैंक से धोखाधड़ी

बढ़ता राजस्थान

**करनाल ( एजेंसी )।** हरियाणा के करनाल में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बैंक धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में 50 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क कर दी है। मामला श्री हरिहर ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा है, जिसने फर्जीवाड़ा कर पंजाब नेशनल बैंक को 121.75 करोड़ रुपए की चपत लगाई थी।

ईडी ने राजेश कुमार, चिराग गुप्ता, गौतम गुप्ता, अशोक कुमार और अमित कुमार गुप्ता की चल-अचल संपत्तियों को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत अटैच कर लिया है। इसमें करनाल और गुरुग्राम में घर, फैक्ट्री, जमीन, मशीनरी और बैंक में जमा रकम भी शामिल है।

### कैसे हुआ 121.75 करोड़ का घोटाला?

ईडी ने इस मामले की जांच सीबीआई नई दिल्ली द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। जांच में सामने आया कि श्री हरिहर ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों ने 2013 से 2019 के बीच फर्जी तरीके से बैंक से लोन लिया और इसे गबन कर लिया। इसके लिए कंपनी ने जाली बैलेंस शीट और वित्तीय दस्तावेज तैयार किए। लोन के बदले गिरवी रखी गई मशीनरी और स्टॉक को गुपचुप तरीके से बेच दिया, जिससे बैंक को भारी नुकसान हुआ।

### बैंक से लोन लिया, पैसा इधर-उधर घुमाया और संपत्ति अपने नाम कर ली

ईडी की जांच में पता चला कि कंपनी के डायरेक्टर राजेश कुमार ने इस पूरी साजिश को अंजाम दिया। उसने लोन के पैसों को सतीवा ग्लोबल एक्सपोर्ट्स और सुपीरियर सॉयल प्रोडक्ट्स नाम की कंपनियों के खातों में घुमाया, जो खुद राजेश कुमार के कंट्रोल में थीं। इस पूरे खेल में राजेश कुमार ने अपने परिवार वालों और



कई अन्य लोगों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया, ताकि पैसों का सही सोर्स छिपाया जा सके। बैंक से धोखाधड़ी करने के बाद राजेश कुमार ने एक और चाल चली। उसने बैंक की ई-नीलामी में उन्हीं गिरवी रखी गई संपत्तियों को खरीद लिया, जिन पर पहले से बैंक का लोन था। इस तरह, उसने न केवल बैंक को करोड़ों का चूना लगाया, बल्कि लोन की रकम से अपनी कंपनियों के नाम पर प्रॉपर्टी भी बना ली। इंवेस्टिगेशन में यह भी सामने आया कि राजेश कुमार के बेटों, चिराग गुप्ता और गौतम गुप्ता ने भी इस घोटाले से फायदा उठाया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. ) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )